UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार

दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण

दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ

प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-152 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) गुरूवार 14 मई 2026 youngbharatE-paper.com



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# यूपी के लाखों श्रमिकों को खुशखबरी, सरकार ने जारी की नई गाइडलाइन, मिलेंगे कई बड़े लाभ

( प्रधान सम्पादक की कलम से )

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने निर्माण श्रमिकों के हित में बड़ा कदम उठाते हुए पंजीयन प्रक्रिया को और आसान बना दिया है। अब प्रदेश के लाखों श्रमिक केवल आधार कार्ड और 90 दिन काम करने के प्रमाण के आधार पर आसानी से अपना पंजीकरण करा सकेंगे।



सरकार का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड ने श्रमिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाया गया है ताकि मजदूरों को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और वे आसानी से सरकारी सुविधाओं का लाभ ले सकें। पंजीकृत श्रमिकों को सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ मिलेगा। इनमें पेंशन, मुफ्त या सस्ती चिकित्सा सुविधा, बच्चों की पढ़ाई में सहायता, कौशल विकास प्रशिक्षण और बेटियों की शादी के लिए आर्थिक मदद जैसी सुविधाएं शामिल हैं। सरकार का कहना है कि इन योजनाओं का मकसद श्रमिक परिवारों का जीवन स्तर बेहतर बनाना है। नई व्यवस्था के तहत श्रमिक अपने आधार कार्ड के जरिए आसानी से पंजीकरण करा सकेंगे। इसके लिए यह जरूरी होगा कि श्रमिक की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो और उसने पिछले एक साल में कम से कम 90 दिन निर्माण कार्य किया हो। विभाग ने लेबर मैनेजमेंट इंफार्मेशन सिस्टम के माध्यम से प्रक्रिया को डिजिटल और सरल बनाया है। जानकारी के अभाव में अभी भी बड़ी संख्या में मजदूर पंजीकरण से बाहर हैं। इसे देखते हुए विभाग अब निर्माण स्थलों पर विशेष कैंप लगाकर मौके पर ही श्रमिकों का पंजीकरण कर रहा है। इससे मजदूरों को कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और अधिक से अधिक लोग योजनाओं से जुड़ सकेंगे। सरकार ने श्रमिकों को ठगी से बचाने के लिए टोल फ्री नंबर 18001805412 भी जारी किया है। यदि कोई व्यक्ति योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर पैसे मांगता है तो श्रमिक तुरंत शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# किचन में अचेत अवस्था में मिले थे प्रतीक, अस्पताल पहुंचने से 1 घंटे पहले हो चुकी थी मौत... अखिलेश ने तुरंत मिलाया अपर्णा को फोन, क्या बात हुई?

## प्रतीक यादव के लंग्स में जम गये थे खून के थक्के

- शरीर पर पाये गये छह चोटों के निशान
- पूर्व से भी बीमार थे प्रतीक, डिप्रेशन भी उन पर हावी था
- मगर गहरे रहस्य में है पूरी घटना



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** दिवंगत समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और स्क्रप्रमुख अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव का आज निधन हो गया। प्रतीक, जिनकी शादी बीजेपी नेता अपर्णा यादव से हुई थी, ने कथित तौर पर लखनऊ के एक अस्पताल में अपनी अंतिम सांस ली। हालांकि, रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अस्पताल पहुंचने के एक घंटे पहले ही प्रतीक की मौत हो चुकी थी। जानकारी मिल रही है कि ये खबर सुनते ही अखिलेश यादव ने तुरंत अपर्णा यादव को फोन किया। प्रतीक की पत्नी और भाजपा नेता अपर्णा फिलहाल असम में हैं। वह लखनऊ के लिए रवाना हो गई हैं। इसके अलावा अखिलेश यादव ने सभी राजनीतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। डिंपल यादव ने भी अपने सभी राजनीतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। कुछ ही देर में अखिलेश यादव, डिंपल यादव और धर्मेंद्र यादव प्रतीक के आवास पर पहुंचेंगे।

### कौन थे प्रतीक?

प्रतीक, मुलायम सिंह यादव और उनकी दूसरी पत्नी, दिवंगत साधना गुप्ता के बेटे थे। उनका विवाह अपर्णा यादव से हुआ था, जो भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की एक प्रमुख नेता हैं। इस दंपति की एक बेटी है। अपने परिवार के कई सदस्यों के विपरीत, प्रतीक सक्रिय राजनीति से दूर रहे। वह फिटनेस के शौकीन और एक व्यवसायी थे। उन्हें लखनऊ में 'आयरन कोर फिट' जिम के संस्थापक और पशु कल्याण संगठन 'जीव आश्रय फाउंडेशन' के संस्थापक के रूप में जाना जाता था। उन्होंने च की लीड्स यूनिवर्सिटी से एमबीए की डिग्री हासिल की थी। उनके पास लग्जरी कारों का एक बेड़ा है, जिसमें कथित तौर पर 5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाली एक लैम्बोर्गिनी भी शामिल है। इसके अलावा, वह बेघर लोगों के लिए एक एनजीओ भी चलाते आईएसडी उन्होंने सक्रिय राजनीतिक भूमिकाओं से हमेशा दूरी बनाए रखी।

## सुर्खियां............

### भारतीय किसान संगठन ने एसडीएम को समस्याओं से संबंधित दिया ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी।** भारतीय किसान संगठन के तहसील अध्यक्ष ने अपने किसान बंधुओं के साथ एसडीएम को किसानों से समस्या युक्त ज्ञापन सौंप कर निस्तारण किए जाने की गुहार लगायी। बुधवार के दिन तहसील कालपी में भारतीय किसान संगठन तहसील अध्यक्ष अजय पाल सिंह ने अपने संगठन कृषक बंधुओं के साथ किसानों से युक्त समस्या का ज्ञापन उप जिला अधिकारी .........

### शराब की दुकान पर एलसीडी न पाने पर एसडीएम ने संचालक को फटकार लगाकर ठीक करवाने का 2 दिन का दिया समय

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 13 मई।** उप जिलाधिकारी ने सीओ ड्रग इंस्पेक्टर के साथ देशी शराब एवं अंग्रेजी शराब बियर की दुकानों का औचक निरीक्षण कर निर्देश दिए। बुधवार के दिन उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह सीओ अवधेश कुमार सिंह आबकारी अधिकारी एमपी सिंह पुलिस बल साथ नगर के मोहल्ला आलमपुर चौराहे में स्थित अंग्रेजी शराब एवं बियर की दुकान पर अचानक पहुंचे

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** कोतवाली क्षेत्र के सहाब मोड़ पर सोमवार की रात सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने युवक की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा।

# 'मुझे लाश के बदले लाश चाहिए, मैं खुद मारूंगी', पति की हत्या पर पत्नी की चीख

## बीजेपी नेता समेत 5 पर एफआईआर

( यंग भारत न्यूज )

एक छोटे से परिवार की दुनिया उजड़ गई। 11 मई 2026 की उस काली रात में, जब अतुल तोमर (32) शादी समारोह से घर लौट रहे थे, तभी उनके सपनों को हमेशा के लिए खत्म कर दिया गया। कार रोककर शीशा तोड़ते हुए सीने में गोली मार दी गई। अस्पताल ले जाते वक्त तक सांसें चल रही थीं, लेकिन देर रात उनकी मौत हो गई। अतुल की लाश जब पत्नी पिंकी के सामने आई, तो वह फूट-फूटकर रो पड़ी। आंसुओं से भीगी आवाज में बार-बार चीखती रही, 'मुझे कोई कार्रवाई नहीं चाहिए। बस मुझे लाश के बदले लाश चाहिए। हत्यारों का सामना करा दो, मैं खुद मार लूंगी। मुझे किसी की जरूरत नहीं है।' यह दृश्य देखते ही मौजूद हर किसी की आंखें नम हो गईं। 14 साल की शादी, 10 साल का बेटा, जो पलक झपकते ही अनाथ हो गया। पूरा परिवार अब मातम में डूबा हुआ है। आइए जानते हैं कि कैसे एक रंजिश ने मासूम को अनाथ बना दिया...



पिलखुआ थाना क्षेत्र के गालंद गांव निवासी अतुल तोमर गाजियाबाद के भोजपुर में शादी समारोह में गए थे। रात करीब 10:45 बजे वह अपनी कार (UP-37-AB-7100) से घर लौट रहे थे। साथ में उनका दोस्त अशोक भी था। जैसे ही कार रिलायंस रोड पर जिम के पास पहुंची, पीछे से कार और बाइक वाले आरोपियों ने ओवरटेक करके रास्ता रोक लिया। शीशा खोलने को कहा। अतुल ने मना किया तो आरोपियों ने शीशा तोड़ डाला और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली सीधे अतुल की छाती में लगी। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े। खून से लथपथ अतुल को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। अतुल के पिता योगेंद्र तोमर (55) पूर्व ग्राम प्रधान हैं। मां मधु तोमर (50) ने एफआईआर में बताया कि पिछले तीन साल से गांव के कुछ लोगों से प्लॉट को लेकर विवाद चल रहा था। आरोपी लगातार धमकियां दे रहे थे।

मुख्य आरोपी:

नवीन तोमर (पुत्र कालू) - बीजेपी जिला मंत्री, हिस्ट्रीशीटर, पहले हत्या का केस।

मंजीत (पुत्र जयवीर) - रेप और हत्या जैसे गंभीर मामलों में जेल जा चुका।

ब्रजमोहन (पुत्र सरतानाम)

श्रीपाल उर्फ पप्पू (पुत्र जयपाल)

एफआईआर नंबर 0208 (12 मई 2026) में हत्या, आपराधिक षड्यंत्र और हथियार एक्ट समेत गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है, बाकी फरार हैं। ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज और फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पिंकी ने पति की लाश देखकर जो कहा, वह हर मां-बहन के दिल को छू गया। 'मेरा घर उजाड़ दिया... मेरा बच्चा अब बाप के बिना कैसे बड़ेगा?' 10 साल का युवराज अभी तक समझ नहीं पाया है कि पापा कभी नहीं लौटेंगे। मां मधु तोमर ने कहा कि बेटे से रंजिश रखते थे। अगर समय पर कार्रवाई होती तो आज मेरा बेटा जिंदा होता। गांव गालंद में भय और गुस्से का माहौल है। पुलिस ने अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है ताकि कोई और हिंसा न हो। अतुल प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। पश्चिमी क्कमें जमीन-जायदाद का बिजनेस अक्सर विवाद और खतरे से भरा होता है। दिल्ली-हृष्टक्रकी निकटता के कारण दाम ऊंचे हैं, लेकिन प्रतिद्वंद्विता भी घातक। एक प्लॉट की रंजिश ने एक युवा पिता की जान ले ली। नवीन तोमर समेत आरोपियों पर दबंग छवि का आरोप है। परिवार का कहना है कि वे गांव में दहशत फैलाते थे। परिवार न्याय मांग रहा है। पिंकी की चीख पूरे समाज से सवाल कर रही है कि कब तक चलेगा यह अपराध और राजनीति का गठजोड़? कब तक निर्दोषों की जान ली जाएगी? पुलिस पर दबाव है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और सख्त सजा दिलाई जाए।

# मुलायम-साधना की लव स्टोरी: अस्पताल से शुरू हुआ रिश्ता; 20 साल बाद मिला था पत्नी का दर्जा




( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव और साधना गुप्ता की प्रेम कहानी किसी फिल्मी पटकथा से कम नहीं है. यह रिश्ता अस्पताल से शुरू हुआ और अस्पताल में ही खत्म भी हुआ. दोनों की मुलाकात 1982 में हुई थी, लेकिन शादी के लिए 20 साल का इंतजार करना पड़ा. मुलायम सिंह यादव की मां के इलाज के दौरान साधना गुप्ता बतौर नर्स काम कर रही थीं. इसी दौरान मुलायम और साधना की नजदीकियां बढ़ीं.

साधना से मुलाकात और नजदीकियां: साधना गुप्ता की शादी फर्रुखाबाद के चंद्रप्रकाश गुप्ता से हुई थी, लेकिन 1987 में वह उनसे अलग हो गई थीं. उनका एक बेटा प्रतीक यादव था. साधना समाजवादी पार्टी की कार्यकर्ता थीं. मुलायम की मां मूर्ति देवी अक्सर बीमार रहती थीं. लखनऊ और सैफई मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान साधना नर्स के तौर पर उनकी देखभाल करती थीं. साधना से प्रभावित हुए मुलायम: एक दिन एक नर्स मूर्ति देवी को गलत इंजेक्शन लगाने जा रही थी, तभी साधना ने रोक दिया. इसी घटना से मुलायम सिंह यादव साधना से काफी प्रभावित हुए थे. यहीं से दोनों के बीच नजदीकियां बढ़नी शुरू हुईं. प्रतीक को दिया पिता का नाम: वरिष्ठ पत्रकार सुनीता आर्यन मुलायम सिंह यादव के



संबंध में लिखती हैं कि पहली पत्नी के रहते ही मुलायम और साधना का रिश्ता गहरा हो गया था. मुलायम ने साधना के पहले पति से हुए बेटे प्रतीक को अपना नाम देना शुरू कर दिया था. 1994 में प्रतीक के स्कूल फॉर्म में भी पिता का नाम एमएस यादव और पते में मुलायम के ऑफिस का पता लिखा था. पहली पत्नी का 2003 में निधन: मुलायम सिंह की पहली शादी 1957 में मालती देवी से हुई थी. तब वह सिर्फ 18 साल के थे. 1973 में मालती देवी ने बेटे अखिलेश यादव को जन्म दिया. बेटे के जन्म के बाद मालती देवी बीमार रहने लगीं. 24 मई 2003 को उनका निधन हो गया. 20 साल बाद सार्वजनिक स्वीकारोक्ति: मालती देवी के निधन के बाद 23 मई 2003 को मुलायम सिंह यादव ने सार्वजनिक तौर पर साधना को पत्नी का दर्जा दिया. इससे अखिलेश यादव नाराज हो गए थे, क्योंकि तब वह सिर्फ 15 साल के थे. वह नहीं चाहते थे कि साधना उनकी मां की जगह लें. 2007 में आय से अधिक संपत्ति मामले में मुलायम ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर स्वीकार किया कि साधना उनकी पत्नी हैं और प्रतीक उनका बेटा है. तभी देश को इस रिश्ते का पता चला था. साधना गुप्ता का 9 जुलाई 2022 को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हुआ. तीन महीने बाद 10 अक्टूबर 2022 को मुलायम सिंह ने भी उसी अस्पताल में अंतिम सांस ली थी.

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का एसडीएम ने किया निरीक्षण

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गूढ़ा न्यामतपुर में एसडीएम रिंकू सिंह राही और एसडीएम न्यायिक विश्वेश्वर सिंह ने बुधवार की सुबह औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां छात्राएं कक्षाओं में पढ़ाई करती मिलीं, वहीं रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज होने के बावजूद एक शिक्षिका गायब मिलीं। इसके अलावा भोजन मेनू के अनुसार न मिलने और एक साल से वाशिंग मशीन स्थापित तक न होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। एसडीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी को व्यवस्थाएं दुरूस्त कराने के निर्देश दिए हैं।



बुधवार को एसडीएम रिंकू सिंह राही और एसडीएम न्यायिक विश्वेश्वर सिंह गूढ़ा न्यामतपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहुंचे। निरीक्षण के दौरान हिंदी शिक्षिका जयश्री की उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज मिली, लेकिन वह विद्यालय में मौजूद नहीं थीं। वहीं सहायक लेखाकार आशीष मिश्रा भी अनुपस्थित पाए गए। उनकी उपस्थिति पिछले कई दिनों से बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अंकित पाई गई। जब अधिकारियों ने इसका कारण पूछा तो स्पष्ट जवाब नहीं मिला। निरीक्षण के दौरान रसोईघर की साफ-सफाई तो ठीक मिली, लेकिन छात्राओं को भोजन निर्धारित मेनू के अनुसार नहीं दिया गया था। छात्राओं को कढ़ी, सब्जी और रोटी परोसी गई। वहीं सुबह समरसेबल खराब होने के कारण पानी की आपूर्ति भी बाधित रही। इस पर विद्यालय प्रशासन ने बताया कि मिस्त्री को सूचना दे दी गई है। विद्यालय परिसर में चारों ओर घास और झाड़ियां उगी मिलीं, जिससे छात्राओं के खेलने और बैठने के लिए पर्याप्त साफ जगह नहीं थी। कई स्थानों पर मकड़ी के जाले भी लगे पाए गए। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि करीब एक वर्ष पहले विद्यालय को उपलब्ध कराई गई बड़ी वाशिंग मशीन अब तक शुरू नहीं कराई गई है। इस पर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। वहीं एसडीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालय में मिली सभी कमियों को तत्काल दूर कराया जाए। साथ ही अन्य विभागों से समन्वय बनाकर विद्यालय की व्यवस्थाओं को बेहतर किया जाए, ताकि छात्राओं को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सके।

# पुलिस की सूझबूझ और प्रभावी काउंसलिंग से एक परिवार बिखरने से बचा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** पुलिस केवल अपराधियों को पकड़ने के लिए नहीं, बल्कि टूटते घरों को जोड़ने के लिए भी ढाल बन सकती है। इसका जीवंत उदाहरण कोतवाली स्थित मिशन शक्ति केंद्र में देखने को मिला, जहां पुलिस की सूझबूझ और प्रभावी काउंसलिंग से एक परिवार बिखरने से बच गया। आपसी कलह और मनमुटाव के बाद दंपति ने पुराने विवादों को पीछे छोड़कर फिर से एक नई शुरुआत करने का फैसला किया है।



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी वंदना देवी ने कोतवाली पहुंचकर पति मनोज के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। वंदना का आरोप था कि उनका पति शराब के नशे में उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट करता है। जिसके चलते उनका रिश्ता टूटने की कगार पर है। मामले की गंभीरता लेते हुए मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी एसएसआई संजय कुमार यति और महिला आरक्षी सरिता कुमारी ने सक्रियता दिखाई। पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शैलेंद्र भदौरिया और परिवार के अन्य जिम्मेदार सदस्यों की मौजूदगी में दोनों को समझाने का प्रयास किया गया। समझाने बुझाने के बाद पति मनोज को अपनी गलतियों का अहसास हुआ और आइंदा पत्नी का ध्यान रखने और उसके साथ हिंसक व्यवहार न करने की बात कही। जिसके बाद दोनों पक्ष साथ रहने को राजी हो गए। इस तरह एक परिवार बिखरने से बच गया।

# एकैडमी गोल्ड मैडल प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को निर्धारित तिथि में मुख्यमंत्री करेंगे सम्मानित

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 13 मई।** नगर में स्थित संस्था के छात्र तथा तीन छात्राओं समेत चार लोगों ने प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल प्राप्त कर कालपी नगर ही नहीं जनपद जालौन का नाम रोशन किया।

बुधवार के दिन नगर के जाने-माने फिरोज खान ने अवगत कराया कि हमारे नगर में आज भी प्रतिभाएं की कमी नहीं है नगर की तीन छात्राएं एवं एक छात्र समेत चारों ने अकैडमी खेल में अच्छा प्रदर्शन कर इनाम में गोल्ड सिल्वर मैडल जीत कर नगर तथा जालौन का नाम एवं विद्यालय के प्रबंधक तथा माता पिता का नाम रोशन किया उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतिभाओं पर निखारता सदैव उत्पन्न होती है उन्होंने कहा कि हरीगंज निवासिनी 16 वर्षीय ईमान अफरोज पुत्री नफीस खान ने प्रतियोगिता जीत पर 12 गोल्ड एक सिल्वर मैडल प्राप्त किया है हरीगंज निवासिनी 16 वर्षीय फरहत बानो पुत्री शकील अहमद ने



तीन गोल्ड दो सिल्वर मैडल खेल जीत पर प्राप्त किए हैं तरीबुल्दा निवासिनी 15 वर्षीय लक्ष्मी पुत्री रामजीवन ने तीन गोल्ड दो सिल्वर मैडल प्रतियोगिता की जीत पर इनाम प्राप्त किया है कागजीपुरा निवासी 11 वर्षीय अयान खान पुत्र फिरोज खान ने खेल प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने में दो गोल्ड एक सिल्वर मैडल सिर्फ प्राप्त किया है एकैडमी प्रतियोगिता पर उपरोक्त छात्र-छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन कर जीत हासिल की है उक्त जीत पर मैडल प्राप्त किया है उपरोक्त चारों छात्र-छात्राओं को निहित करने वाली तिथि पर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे तथा मौजूद अभिभावकों को हौसला अफजाई करेंगे प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाली छात्राओ छात्र के निज निवास में नगर के सम्रात एवं जनप्रतिनिधि तथा संस्था के जिम्मेदार लोग पहुंच कर शुभकामनाएं देकर सर्वाधिक ऊंचाइयों में जाने के लिए उत्साह वर्धन किया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** कोतवाली क्षेत्र के सहाब मोड़ पर सोमवार की रात सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने युवक की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। एम्बुलेंस से उसे सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।

माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मींगनी निवासी बृजेंद्र सिंह (22) पुत्र मुनेश सिंह अपने साथी लल्लू के साथ सोमवार की रात करीब साढ़े आठ बजे जालौन में अपनी बुआ के यहां बाइक से आ रहा था। जब वह बाइक लेकर सहाव मोड़ के पास स्थित टेढ़ी पुलिया के नजदीक पहुंचा। तभी सामने से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके से निकल रहे राहगीरों ने हादसे की सूचना यूपी 112 को दी। पुलिस ने युवक को एम्बुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने बृजेंद्र को देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल लल्लू को प्राथमिक उपचार के बाद उच्च संस्थान रेफर किया गया। सूचना पर परिजन भी मौके पर आ गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# एसडीएम ने उरई मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया

## -बिना नंबर प्लेट व रायल्टी के पकड़ा गया डंपर

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** बिना रायल्टी व ओवरलोडिगं की मिल रही शिकायतों के बाद एसडीएम ने उरई मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान एक डंपर बिना नंबर प्लेट व रायल्टी के पकड़ा गया। जिसे कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया। साथ ही कार्यवाही के लिए परिवहन व खनन विभाग को निर्देशित किया गया है।



अवैध खनन, ओवरलोडिगं व बिना आवश्यक दस्तावेजों के परिवहन में लिप्त डंपर को लेकर एसडीएम सख्ती दिखा रहे हैं। एसडीएम रिंकू सिंह राही को सूचना मिली कि नगर से होकर ओवरलोड ट्रक बालू के डंपर निकलते हैं। मिल रही शिकायतों के बाद बुधवार की सुबह उन्होंने उरई जालौन मार्ग पर भिटारा के पास चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट के जा रहे एक डंपर को रोककर जब एसडीएम ने आवश्यक प्रपत्र मांगे तो वह नहीं दिखा सका। आवश्यक दस्तावेज न मिलने पर एसडीएम ने कोतवाली पुलिस को बुलाकर डंपर उसके सुपुर्द कर दिया। साथ ही खनन विभाग व परिवहन विभाग को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। परिवहन विभाग ओवरलोडिगं व नम्बर प्लेट के मामले की जांच कर रहा है जबकि खनन विभाग रायल्टी के मामले की जांच कर रहा है।

# लड़की से प्रेम प्रसंग चलाने वाला युवक मुकर गया था शादी से, जैसे ही पुलिस ने तेवर दिखाए तो फौरन हो गया राजी

## -पुलिस की मौजूदगी में कोतवाली स्थित रक्षिकेश्वर मंदिर में प्रेमी युगल की शादी कराई गई।

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** शादी का वादा करके फिर शादी से इंकार करने के मामले में पुलिस व परिजनों की मौजूदगी में युवक व युवती को समझाने के बाद दोनों शादी करने को राजी हो गए। पुलिस की मौजूदगी में कोतवाली स्थित रक्षिकेश्वर मंदिर में प्रेमी युगल की शादी कराई गई।

रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम टीहर निवासी विनोद कुमार के बड़े बेटे की सुसराल कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हीरापुर में है। भाई की ससुराल में उनके छोटे बेटे उपेंद्र कुमार का भी आना जाना था। इसी दौरान उपेंद्र की बात मोहल्ले में ही रहने वाली उपासना से होने लगी। बातचीत के बाद दोनों में प्रेम हो गया। करीब तीन सालों तक दोनों के बीच प्रेम संबंध चले। इस दौरान उपेंद्र ने उपसना से शादी का भी वादा किया। लेकिन हाल ही में वह शादी से इंकार करने लगा। जब उपासना के परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने कोतवाली में तहरीर दी। कोतवाली में तैनात एसएसआई संजय कुमार यति, एसआई रामकिशोर समेत महिला कांस्टेबल सरिता, प्रियंका आदि ने दोनों पिता व परिजनों की मौजूदगी में उन्हें समझाया। समझाने के बाद दोनों शादी के लिए राजी हो गए। जिसके बाद पुलिस की मौजूदगी में ही कोतवाली परिसर स्थित रक्षिकेश्वर मंदिर में दोनों की शादी करा दी गई। इस मौके पर श्यामसुंदर चंसौलिया, बंटी, राजेश कुमार, शिवपाल, बीटू आदि मौजूद रहे।

# 24 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** देवनगर चौराहे के पास शराब की बिक्री करने के लिए ले जा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। पकड़े गए युवक के पास से 24 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किए। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। मंगलवार की रात कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि देवनगर चौराहे पर एक युवक बिक्री के लिए शराब लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही एसआई शिवम सेंगर मौके पर पहुंच गए और अकोढ़ी दुबे निवासी युवक जितेंद्र पाल उर्फ जीतू को पकड़ लिया। पकड़े गए युवक के पास से पुलिस ने देशी शराब के 24 क्वार्टर बरामद किए हैं। पुलिस ने अवैध रूप शराब की बिक्री करने के मामले में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# भारतीय किसान संगठन ने एसडीएम को समस्याओं से संबंधित दिया ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी।** भारतीय किसान संगठन के तहसील अध्यक्ष ने अपने किसान बंधुओं के साथ एसडीएम को किसानों से समस्या युक्त ज्ञापन सौंप कर निस्तारण किए जाने की गुहार लगायी।



बुधवार के दिन तहसील कालपी में भारतीय किसान संगठन तहसील अध्यक्ष अजय पाल सिंह ने अपने संगठन कृषक बंधुओं के साथ किसानों से युक्त समस्या का ज्ञापन उप जिला अधिकारी मनोज कुमार सिंह को सौंपते हुए अवगत कराया कि भीषण गर्मी के चलते नहरो को फुल गेज चला कर ग्रामों के तालाब भरे जाएं जिससे आवारा पशु एवं पक्षी पानी पीकर अपनी प्यास बुझा सके तथा विद्युत व्यवस्था बहुत खराब है किसानो की सिंचाई के लिए नलकूपों को 15 घंटे विद्युत आपूर्ति किए जाने की मांग की किसानों के खेतों से निकली हुई विद्युत लाइन जर्जर हो गई है जिससे खेतों की जुताई के समय घटना का खतरा बना रहता है विद्युत पोल जर्जर तार ठीक किए जाएं आदि समस्याओं से युक्त ज्ञापन सौंप कर समस्या का हाल तत्काल किया जाए ज्ञापन के पूर्व किसान संगठन कृषक सदस्यों की उपस्थिति में सत्येंद्र सिंह भदोरिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर किसानो से संबंधित कई समस्याओं पर प्रस्ताव रखे गए मौजूद लोगों ने सभी प्रस्ताव को हरी झंडी देकर स्वीकृत प्रदान की ज्ञापन देने वालों में चंद्रपाल गुर्जर जय राम कुशवाहा महेश पाल श्यामू पाल लालाराम सुरेंद्र पाल सिंह राजा सिंह कौशल अवस्थी श्री राम कुशवाहा दिनेश बुद्ध सिंह जौनी मास्टर नरेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# शराब की दुकान पर एलसीडी न पाने पर एसडीएम ने संचालक को फटकार लगाकर ठीक करवाने का 2 दिन का दिया समय

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 13 मई।** उप जिलाधिकारी ने सीओ ड्रग इंस्पेक्टर के साथ देशी शराब एवं अंग्रेजी शराब बियर की दुकानों का औचक निरीक्षण कर निर्देश दिए।



बुधवार के दिन उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह सीओ अवधेश कुमार सिंह आबकारी अधिकारी एमपी सिंह पुलिस बल साथ नगर के मोहल्ला आलमपुर चौराहे में स्थित अंग्रेजी शराब एवं बियर की दुकान पर अचानक पहुंचे वहीं निरीक्षण दौरान कैमरा डिस्प्ले एवं स्टॉक तथा बिक्री रजिस्टर अभिलेखों का सत्यापन किया बही पर कैमरा क्रियाशील परंतु डिस्प्ले प्रदर्शित होने वाली एलसीडी न पाए जाने पर मौजूद संचालक को चेतावनी देते हुए 2 दिन के अंतर्गत ठीक कराने के निर्देश दिए उन्होंने मौजूद शराब के दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी ग्राहक को प्रिंट से ज्यादा पैसा लेकर देशी शराब या अंग्रेजी शराब या बियर की सीसी वितरण की ऐसे दुकानदार को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा उन्होंने नगर में स्थित कई दुकानों का भ्रमण कर निरीक्षण किया निरीक्षण में जो कमियां पाई गई उन कमियों को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए समय देकर ठीक करने के निर्देश दिए साथ में शराब के दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि दुकानों में कमियां पाई गई तो ऐसे दुकानदार की खैर नहीं होगी।

# भीषण गर्मी के दृष्टिगत जिलाधिकारी एक्शन मोड में, जानकारी के साथ जूम मीटिंग में न आने पर सहायक नगर आयुक्त की लगाई क्लास

**झांसी।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जूम ऐप के माध्यम से जनपद में लगातार बढ़ रहे तापमान के दृष्टिगत हीट वेव (लू) से बचाव एवं इसके प्रभावों को न्यून करने एवं विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के अतिरिक्त क्षेत्र में पेयजलापूर्ति के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।

जूम ऐप के माध्यम से आयोजित बैठक में जनपद के सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दृष्टिगत संवेदनशील होकर कार्य करना सुनिश्चित करें। बैठक का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी के मौसम में संभावित हीट वेव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटना, जनपद के दूरस्थ क्षेत्र में पेयजलापूर्ति की व्यवस्था करना एवं विद्युत आपूर्ति को बेहतर करते हुए जनसामान्य को सुरक्षित रखने तथा राहत एवं प्रबंधन के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना था। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी आने वाले लगभग 05 से 06 दिन जनपद के तापमान में वृद्धि होने का पूवार्नुमान है, इस दौरान लू से जनहानि को रोकना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, इसके अतिरिक्त जनसामान्य को जागरूक करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने आपदा विशेषज्ञ को निर्देशित किया कि लगातार जनपद में बढ़ते तापमान की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से जनमानस को देना सुनिश्चित किया जाए। संवेदनशील बैठक में सहायक नगर आयुक्त श्री वीरेंद्र श्रीवास्तव को जानकारी के साथ न आने पर नाराजगी व्यक्त की। जूम ऐप के माध्यम से आयोजित बैठक में जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने मेडिकल कालेज/ जिला अस्पताल में भीषण गर्मी के दृष्टिगत तीमारदारों एवं जन सामान्य को राहत पहुंचाने के लिए इमरजेंसी के पास अथवा वेटिंग एरिया में वाटर कूलर सहित लोगों के बैठने के लिए बेंच की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए जनमानस एवं तीमारदारों को ओआरएस सेंटर के संचालन की जानकारी दिए जाने के निर्देश दिए ताकि लोगों को गर्मी से राहत दिलाई जा सके। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने झांसी नगर सहित जनपद में प्रत्येक तहसीलों के व्यस्ततम चौराहे सहित महत्वपूर्ण बाजार, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में वाटर कूलर/प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मंडी, पार्क में वॉटर कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित करने और लगातार चेकिंग करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने नगर में नगर निगम द्वारा संचालित स्क्रीन पर गर्मी से बचने के लिए क्या करें-क्या न करें की जानकारी लगातार प्रसारित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के सभी सीएचसी एवं पीएचसी केंद्रों पर लू से प्रभावित मरीजों के उपचार के लिए आवश्यक दवाएं, ओआरएस, आईवी फ्लूड तथा अन्य जरूरी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही ग्राम स्तर तक आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं के माध्यम से लू से बचाव के उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। उन्होंने मेडिकल कालेज में 15 एंव जिला अस्पताल में 10 कोल्ड रूम बढ़ाए जाने की भी जानकारी दी। जिलाधिकारी ने भीषण गर्मी के दृष्टिगत समस्त एमओआईसी को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं नगर पालिका/नगर पंचायतों को निर्देशित किया गया कि हीट वेव के प्रभाव को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। विशेष रूप से सार्वजनिक स्थलों पर रैन बसेरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके। साथ ही पशुओं के लिए भी पानी एवं छायादार स्थानों की समुचित व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि यदि किसी क्षेत्र में अग्निकांड या लू से प्रभावित व्यक्ति सामने आते हैं तो उन्हें राज्य सरकार द्वारा निर्धारित राहत राशि 24 घंटे के भीतर उपलब्ध कराई जाए, जिससे प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत मिल सके। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि हीट वेव से बचाव के लिए जनपद में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। इसके तहत ग्राम पंचायतों, स्कूलों, सार्वजनिक स्थलों एवं मीडिया के माध्यम से लोगों को लू से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि जनहानि की संभावनाओं को न्यूनतम किया जा सके। आयोजित बैठक में जिला जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी विभिन्न एडवाइजरी सलाह क्या करें ? क्या न करें विषयक पंप्लिट, पोस्टर को जारी करते हुए जनपदवासियों को लो, प्रकोप एवं गर्म हवा से बचाव हेतु जानकारी साझा की। जूम ऐप के माध्यम से आयोजित बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष सैनी,अपर जिला अधिकारी वित्त/राजस्व वरुण कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुधाकर पांडेय, सीएमएस मेडिकल कालेज डॉ0 खुश्तर हैदर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ0 बालगोविंद श्रीवास्तव, जिला आपदा विशेषज्ञ धीरज पाठक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी आर के राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला मजिस्ट्रेट राजेश कुमार पांडेय ने जनपद में लागू की निषेधाज्ञा

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )**। जिला मजिस्ट्रेट राजेश कुमार पाण्डेय ने निषेधाज्ञा अंतर्गत धारा-163 भारतीय सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत आदेशित किया कि इस माह/आगामी माहों में ईदुज्जुहा (बकरीद), मोहर्रम, लोक नायक महाराणा प्रताप जयंती तथा अन्य स्थानीय स्तर पर आयोजित होने वाले त्यौहारों के अतिरिक्त बोर्ड परीक्षा / विश्व विद्यालय की परीक्षाए एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु धारा-163, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (धारा-144 दंप्रस) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये निषेधाज्ञा जारी किया जाना आवश्यक है।अत: अपने अधिकार क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाये रखने, शान्ति व्यवस्था को कायम रखने, सार्वजनिक एवं निजी लोक सम्प्रति के सुरक्षार्थ तथा गृह मंत्रालय भारत सरकार व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत निर्देशों का अनुपालन कराने हेतु धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (धारा-144 दंप्रस) के प्राविधानों के अनुसार निम्नांकित आदेश पारित किए/ शासकीय अस्पतालों में 24 घण्टे जीवन रक्षा से सम्बन्धित दबाओं का स्टाक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखा जावे एवं विस्तरों की पर्याप्त व्यवस्था रखी जावे ताकि आवश्यकता पड़ने पर इनका तुरन्त उपयोग किया जा सके,जीवन रक्षा से सम्बन्धित स्पेस्लिस्ट डाक्टरों एवं पैरा मेडीकल स्टाफ को 24 घण्टे (राउण्ड दा क्लॉक) किसी अकस्मिक दुर्घटना से निपटने हेतु ड्यूटी पर तैयार रखा जावे,जनपद की सीमान्तर्गत प्रवाहित नदियों में पर्वो पर जहाँ श्रद्धालुजन स्नान करेगें वहाँ पर बैरीकेडिंग कर पर्याप्त प्रकाश व गोताखोरों की समुचित व्यवस्था की जाये,गहरे पानी की पट्टिका का अंकन एवं पीएसी की फ्लड टुकड़ी/जल पुलिस की यथावश्यक व्यवस्था की जाय,मार्गों पर थोडी थोड़ी दूर पर पुलिस पिकेट / गश्त की व्यवस्था की जाय,पर्वो पर आयोजित होने वाले मेला स्थलों पर दंगा निरोधक उपकरण, क्रेन/एम्बुलेंस, अग्निशमन, अस्पताल आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाय,श्रद्धालुजनों के आवागमन के दौरान दूसरे सम्प्रदाय बाहुल्य क्षेत्रों से गुजरते समय उत्तेजक /आपत्तिजनक नारे लगाने से रोका जाय,यातायात प्रबन्धन पर विशेष प्राथमिकता दी जाये,संवेदनशील स्थानों पर मोबाईल पेट्रोलिंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाय,वैकल्पिक मार्गों का चिन्हीकरण करते हुये ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था समय से पूर्ण करा लिया जाये,श्रद्धालुजनों को रास्ते में भोजन / पानी उपलब्ध कराने वाले शिविरों के प्रबन्धकों से समन्वय स्थापित कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से शिविरों की एन्टी सेबोटॉज चेकिंग भी करा ली जाय,श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना, विश्राम व भोजन आदि के समय मार्गों के किनारे लगाये गये शिविरों से यातायात प्रभावित होने/दुर्घटना होने की सम्भावना के प्रति सतर्कता बरती जाये,जेबकतरे, चैन स्नैचिंग, महिलाओं से छेड़खानी जैसे अपराधों पर विशेष सतर्कता बरती जाये,ट्रेनों की छतों पर बैठकर यात्री किसी भी दशा में यात्रा न करें,पुलिस / प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सीमावर्ती समकक्षीय अधिकारियों के साथ तत्काल गोष्ठी कर लगातार सम्पर्क स्थापित रखा जाये एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जाये,जनपद के ऐसे ग्राम जिनकी सीमायें अन्य राज्यों से मिलती हों, उनके द्वारा वैरिकेटिंग के प्रमुख स्थान चिन्हित कर बैरियर, नाका के बिन्दु तय कर लिये जाये,सोशल मीडिया पर लगातार सतर्क दृष्टि बनायी रखी जाये तथा धार्मिक उत्तेजना की सामग्री के प्रसार को रोका जाये तथा अफवाहों का तत्काल खण्डन किया जाये,परम्परा से हटकर मेला/कार्यक्रमों के आयोजन को प्रतिबन्धित किया जाये,संबेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जावे जिसके लिये पर्याप्त पुलिस व्यवस्था भी सुनिश्चित की जावे एवं लगातार पुलिस पेट्रोलिंग भी सुनिश्चित करायी जावे,मुख्यत: रेनबसेरा, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था हेतु आवश्यकतानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावे एवं सी0सी0 कैमरा/डिजिटल कैमरा आदि से कड़ी निगरानी रखी जावे, ट्रेफिक पुलिस द्वारा वाहनों के संचालन एवं पार्किंग पर कड़ी चौकसी बरती जावे एवं आवश्यकतानुसार वाहनों की चेकिंग भी सुनिश्चित की जावे,बसों एवं ट्रेनों में संदिग्ध यात्रियों की चेकिंग सुनिश्चित करायी जावे,उक्त त्यौहार के दौरान अराजक तत्वों को चिन्हित करते हुये उनके विरुद्ध नियमानुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जावे,अफवाह फैलाने वाले तत्वों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जावे,अस्त्र/शस्त्र लेकर चलने वाले व्यक्तियों की नियमानुसार जाँच की जावे एवं दोषी पाये जाने की स्थिति में उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जावे,उक्त त्यौहार के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से शान्ति समिति की बैठकें आयोजित की जावें,किसी धार्मिक स्थल, सार्वजनिक स्थल अन्य आयोजनों पर लाउड स्पीकर की ध्वनि की तीव्रता के सम्बन्ध में ध्वनि प्रदूषण (विनिमय और नियंत्रण), नियम-2000 यथा संशोधित के प्राविधानों का अनुपालन आवश्यक होगा कि कोई भी ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नहीं किया जायेगा तथा सर्वोच्च न्यायालय के ध्वनि के सम्बन्ध में दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन करना आवश्यक होगा,कोई भी व्यक्ति जनपद जालौन की सीमा के अन्दर लाठी, डण्डा (अन्धे व अपाहिज व्यक्तियों तथा सिख धर्म द्वारा रखे जाने वाले कृपाण को छोड़कर), तेज धार वाले चाकू तथा नुकीले शस्त्र जैसे तलवार, वरछी, गुप्तियें, कटार, फरसा, संगीन, त्रिशूल अथवा अग्नेयाश्त्र, ज्वलनशील पदार्थ घातक हथियार आदि लेकर नहीं चलेगा और न ही किसी सार्वजनिक स्थान पर प्रदर्शित करेगा। ड्यूटीरत पुलिस कर्मी/अर्द्ध सैनिक बल पर ये प्रतिबन्ध लागू नहीं होंगे,जनपद जालौन सीमा के अन्दर किसी भी समुदाय के व्यक्ति द्वारा दूसरे समुदाय की भावनाओं के विपरीत ऐसा कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जायेगा, जिससे शान्ति भंग होने की आशंका हो और न ही दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं के विरूद्ध किसी प्रकार का उत्तेजनात्मक भाषण दिया जायेगा और न ही सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना एवं अफवाहें फैलायी जायेगीं,जनपद जालौन क्षेत्र की सीमा के अन्दर कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई अनुचित मुद्रण / प्रकाशन जिससे साम्प्रदायिक तनाव अथवा समुदायों के बीच वैमनस्य उत्पन्न हो नहीं करेगा,कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस / प्रशासन द्वारा लगाये गये ड्रोन कैमरा, बैरियर, सीसीटीवी कैमरा, पी0ए0 सिस्टम के साथ छेड़ ?छाड़ नहीं करेगा,जनपद जालौन क्षेत्र की सीमा के अन्दर किसी भी साइबर कैफे के स्वामी / संचालक द्वारा किसी भी अनजान व्यक्ति जिसका परिचय किसी विश्वासनीय प्रमाण पत्र जैसे परिचय पत्र, मतदाता पहचान पत्र, राशनकार्ड, ड्राइविंग लाईसेन्स, पासपोर्ट, फोटो, क्रेडिट कार्ड, पेन कार्ड व ऐसे ही अन्य साक्ष्य से प्रमाणित न हो साइबर कैफे का उपयोग नहीं करने दिया जायेगा। समस्त आगन्तुकों/प्रयोगकर्ताओं का रजिस्टर रखे बिना संचालित नहीं किया जायेगा, सभी आगन्तुकों/ प्रयोगकर्ताओं को उनके हस्तलेख में नाम पता, दूरभाष नम्बर तथा परिचय का प्रमाण पत्र अंकित कराये बिना साइबर कैफे का प्रयोग नहीं करने दिया जायेगा।साइबर कैफे में बिना एक बेब कैमरा लगाये जिसमें प्रत्येक आगन्तुक / प्रयोगकर्ता की फोटो खींची जा सके तथा उसका अभिलेख सुरक्षित रखा जा सके संचालित नहीं किया जायेगा।साइबर कैफे इक्विटी सर्वर लागू हो, को मेन सर्वर में कम से कम 06 माह तक सुरक्षित रखे जाने की व्यवस्था के बगैर साइबर कैफे संचालित नहीं कर सकेंगे,आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाये व विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाए एवं अन्य परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केन्द्रों व उसके आस-पास विशेष पुलिस दल तैनात कर नकल विहीन परीक्षाये आयोजित करायी जायें,कूडा और खेतो में बचे हुये फसलों के अवशेषों को न जलाया जाये। जलाते हुये पाये जाने पर सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जाये,त्यौहारो/पर्वो के अवसर पर प्लेटफार्म / रेलवे ट्रक की सुरक्षा एवं रेलवे स्टेशन व बस स्टैण्डो के आस पास के क्षेत्र एवं प्रमुख होटल, ढावा, सराय आदि की विधिवत चेंकिग सुनिश्चित की जाय तथा सभी सर्कुलेटिंग एरिया में भी ज्वाइट फुट पेट्रोलिंग / गश्त की व्यवस्था की जाय,पेट्रोल/डीजल एंव गैस का आवश्यकता से अधिक भण्डार न किया जाए।काला बाजारी व अवैध रूप से भण्डार पाए जाने पर निमयानुसार आवश्यक वस्तु अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत आवश्यक कार्यवाही की जाए,चूँकि उक्त आदेश को तत्काल पारित किये जाने की आवश्यकता है तथा समय अभाव के कारण यह आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है।फिर भी यदि कोई भी व्यक्ति, संस्था या पक्ष इस आदेश में कोई छूट या शिथिलता चाहे तो जिलाधिकारी के सम्मुख विधिवत आवेदन करने का अधिकार होगा, जिस पर सम्यक सुनवाई एवं विचारोपरान्त समुचित आदेश पारित किये जायेंगे,त्यौहारों के दृष्टिगत विद्युत आपूर्ति, पानी की आपूर्ति की समुचित व्यवस्था की जाए,यह आदेश तत्काल प्रभावी होगा और यदि बीच में वापस न लिया गया तो दिनाँक 28.06.2026 तक लागू रहेगा। इस आदेश अथवा इस आदेश के किसी अंश का उल्लंघन करना भारतीय न्याय संहिता की धारा-223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है,इस आदेश का प्रचार जनपद जालौन की समस्त तहसीलों / थानों व पुलिस अधीक्षक /जिला मजिस्ट्रेट/जनपद के समस्त न्यायालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करके स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराकर एवं पुलिस कन्ट्रोल रूम की गाड़ियों द्वारा स्पीकर से प्रचार कराकर किया जायेगा,किसी विषम परिस्थिति उत्पन्न होने की दशा में तत्काल वस्तु स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जावे। यह आदेश मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से जारी किया जाता है जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# क़र्बला हिला के रख दिया, ऐसा सूरमा हुसैन है...

## उर्स का दूसरा व आखरी दिन, कव्वालो ने बांधा समां





( यंग भारत न्यूज )

**उरई :** हजरत पदम शाह बाबा के 46 वें उर्स के मौके पर मंगलवार की रात दूसरी व आखरी बज्म में शास्त्रीय लबो लहजा और सूफियाना रंगत का ऐसा संगम देखने को मिला कि जो इससे पहले कभी न देखा गया था। अकीदत की चाशनी में गोते खाने वाले श्रोता इसके आकर्षण में बंधे सुबह तक अपने स्थान पर डटे रहे। दिल्ली के नौजवान कव्वाल चांद कादरी ने 'मेरे अल्लाह मेरे मौला से शुरुआत करते हुए कहा कि अल्लाह तू ही देता है, मेरे नसीब से, रखना ख्याल हश्र में भी मुझ गरीब का, दुनियां में आखिरत में, मुझे बक्श दे इज्जत, देता हूँ तुझको बस्ता तेरे हबीब का। उनकी प्रस्तुति में हल्का शास्त्रीय पुट रहा लेकिन प्रतिद्वंद्वी कव्वाल जुनैद सुल्तानी ने खालिस शास्त्रीय अंदाज और पक्की गायकी प्रस्तुत कर श्रोताओं को झन्ना कर रख दिया। वे विश्व धरोहर शायरों के कलाम के जरिए लोगों के दिलो दिमाग पर छा गये। दूसरी बार नगर में पधारे उक्त कव्वाल के इतने सफल प्रदर्शन की उम्मीद उर्स कमेटी को भी न थी। उक्त कव्वाल जोड़ी ने 'अपनी प्रसिद्ध कव्वाली क़र्बला हिला के रख दिया, ऐसा सूरमा हुसैन है पढ़ते हुए कहा, इस नाम से टल जाती है मुश्किल बड़ी-बड़ी, पांच नारे पंजतन के एक नारा हैदरी, या अली-या अली, क़र्बला हिला के रख दिया, ऐसा सूरमा हुसैन है, ने जहां नयी नस्ल को उछलने पर मजबूर किया तो संजीदा तबियत श्रोता आंखें नम किए नजर आये। कार्यक्रम की बिल्कुल आखिरी प्रस्तुति 'तेरा आला है दरबार, तेरी ऊंची है सरकार, कर दो नजरे करम सरकार, दम मदार बेड़ा पार' में जुनैद सुल्तानी का आत्म विश्वास लौटता नजर आया। कर्बला के वाक्यात की रुधे अंदाज में मंजरकशी करके उन्होंने न सिर्फ श्रोताओं का प्यार हासिल किया बल्कि दिल्ली के नौजवान कव्वाल चांद कादरी का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। संचालक रफीउद्दीन पंन्नू ने लफ्जों को तौल-तौल कर बोला और उनका यह अंदाज़ बड़ा प्रभावी रहा। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, पूर्व चेयरमैन विजय चौधरी ने सबसे पहले फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, हाजी अजहर बेग, शोले खान व अरशद कादरी ने कव्वालो को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। कमेटी के

संरक्षक मुमताज रहमानी, अध्यक्ष आरिफ कादरी, जमाल छोटू, रिजवान मास्टर, मुन्ना अंसारी, मुन्ना बाबू, मुही आजम, जुबैर आलम, इबादत अली शानू, इरफान मास्टर, अशरफ मंसूरी, हाजी सलीम, शबीउद्दीन आदि ने व्यवस्था संभाली। तिलावत का गौरव हाफिज युसूफ कादरी के हिस्से में आया। सारी रात दरगाह शरीफ पर अकीदत की फिजा कायम रही। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजू अहिरवार, बरिष्ठ नेता महेश शिरोमणि, महेंद्र कठेरिया, जमालूदीन पप्पू आदि लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गुटखा निर्माताओं के यहां डाले छापे

## सुपारी, तम्बाकू आदि के लिए नमूने

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार सहायक आयुक्त (खाद्य) जालौन डॉ. जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन की टीम द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थों विशेषकर तम्बाकू मिश्रित सुपाड़ी की रोकथाम के लिए टीम द्वारा स्थान अजनारी बाईपास लल्लाधाम के पास श्री बालाजी ट्रेडर्स प्रो. मनोज कुमार अग्रवाल के प्रतिष्ठान से सुगन्धित सुपाड़ी (ब्राण्ड महाशिव गोल्ड) का नमूना संग्रहित किया गया तथा स्थान कुईया रोड़ उरई पर प्रो. संजय राजपूत के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ स्वादिष्ट सुपाड़ी (ब्राण्ड भोला शंकर) का नमूना संग्रहित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत दोषी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी। विभागीय टीम द्वारा यह अभियान लगातार जारी है और जिले के विभिन्न बाजारों में निरीक्षण चलता रहेगा। इस अवसर पर सहायक आयुक्त (खाद्य) जतिन कुमार सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल यादव, सुनील कुमार उपस्थित रहें।

# मॉडिफाइड साइलेंसर/हूटर/प्रतिबंधित हॉर्न आदि में अभियान चलाया गया

## 10 वाहनों के विरुद्ध हुई कार्यवाही

( यंग भारत न्यूज )



**उरई**। वुधवार को सुरेश कुमार वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), विनय कुमार पाण्डेय यात्री/मालकर अधिकारी द्वारा शहर के शहीद भगत सिंह चौराहे पर मॉडिफाइड साइलेंसर/हूटर/प्रतिबंधित हॉर्न आदि में अभियान चलाया गया। इस कार्यवाही के दौरान मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने वाले दुपहिया वाहनों, विशेषकर बुलेट और स्पोर्ट्स बाइक्स को निशाने पर लिया गया। चेकिंग के दौरान वाहनों में कंपनी मानकों के विपरीत 'आफ्टर-मार्केट' साइलेंसर लगे पाए गए। ऐसे 10 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान/निरुद्ध की कार्यवाही की गयी साथ ही अन्य वाहनों के भी चालान किए गए। प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा कड़ा रुख अपनाते हुए कई वाहनों के मौके पर ही अवैध साइलेंसर निकलवाकर उन्हें जब्त कर लिया गया, जिससे वाहन चालकों में हड़कम्प मच गया।

अभियान के दौरान चालान किए गए वाहनों पर लगभग एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया गया। वाहनों में ध्वनि विस्तारक यंत्र या संशोधित साइलेंसर लगाना न केवल ध्वनि प्रदूषण फैलाता है, बल्कि यह सड़क पर अन्य चालकों का ध्यान भटकाकर दुर्घटनाओं को भी निमंत्रण देता है। विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो भी वाहन शोर संबंधी मानकों का उल्लंघन करेगा, उसके विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। परिवहन विभाग, जनपद जालौन आम जनता से अपील करता है कि वाहन खरीदते समय मिले अधिकृत साइलेंसर का ही उपयोग करें। वायु और ध्वनि प्रदूषण मुक्त शहर बनाने में विभाग का सहयोग करें।

# गौशालाओं पर डीएम का सख्त पहरा , 24 घंटे होगी गौवंशों की निगरानी

## 68 गौशालाओं में कैमरे बंद मिलने पर संबंधित खंड विकास अधिकारियों वेतन रोकने के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**। जनपद में गौवंश संरक्षण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार से वर्चुअल माध्यम द्वारा सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएलटी टू एनीमल एवं गौसंरक्षण अनुश्रवण मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि गौवंशों की सुरक्षा, देखभाल एवं संरक्षण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी गौ आश्रय स्थलों पर पानी, हरा चारा, भूसा एवं छायादार व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित की जाए, ताकि भीषण गर्मी और लू के दौरान गौवंशों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने हरे चारे की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक संबंधित ग्राम पंचायत में दो किसानों से अनुबंध कराने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक गौ आश्रय स्थल पर 08-08 घंटे की शिफ्ट में तीन केयरटेकर तैनात किए जाएं, जिससे 24 घंटे गौवंशों की निगरानी और देखभाल सुनिश्चित हो सके। उन्होंने गौशालाओं में अभिलेखों के बेहतर रखरखाव तथा नियमित निरीक्षण पर भी विशेष जोर दिया। गौशालाओं की निगरानी हेतु लगाए गए 68 सीसीटीवी कैमरे बंद पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुए संबंधित खंड विकास अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही जालौन गौशाला में रखरखाव और सीसीटीवी कैमरे बंद मिलने पर संबंधित खंड विकास अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशालाओं की निगरानी व्यवस्था में शिथिलता कतई बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गौवंशों को तत्काल गौशालाओं में संतृप्त कराया जाए तथा इसके लिए विशेष ड्यूटी लगाई जाए। जिन स्थानों पर गौशालाएं मर्ज की गई हैं वहां पुराने शेड एक सप्ताह के भीतर हटाकर गौवंशों को एकीकृत स्थान पर व्यवस्थित रूप से शिफ्ट करने के निर्देश भी दिए गए।गौशालाओं के बेहतर संचालन हेतु तैनात नोडल अधिकारियों को लगातार भ्रमण कर नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने उन पशुपालकों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए जो दूध निकालने के बाद गौवंशों को सड़कों पर छोड़ देते हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार पकड़े जाने पर 500 रुपये, दूसरी बार 1000 रुपये जुर्माना लगाया जाए तथा तीसरी बार पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रहें, पानी एवं हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था बनी रहे और किसी भी स्थिति में गौवंश सड़कों पर दिखाई न दें। बैठक में परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी निशांत पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# गरीब बेटियों के विवाह में जन कल्याणकारी योजना बनेगी मजबूत सहारा, डीएम ने शादी अनुदान योजनाओं की समीक्षा में दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

## लंबित आवेदनों पर तेजी लाने के निर्देश, पात्र परिवारों तक पारदर्शी ढंग से पहुंचे योजना का लाभ

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में वर्चुअल माध्यम से सामान्य, पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति शादी अनुदान योजना की स्वीकृति समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विकासखंड एवं तहसीलवार लंबित आवेदन पत्रों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र आवेदकों के आवेदन समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारित किए जाएं, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके।ग्रामीण क्षेत्रों में पिछड़ा वर्ग के 68 आवेदन तथा अनुसूचित एवं सामान्य वर्ग के 43 आवेदन लंबित हैं। वहीं शहरी क्षेत्रों में पिछड़ा वर्ग के 07 तथा अनुसूचित एवं सामान्य वर्ग के 19 आवेदन लंबित पाए गए। जिलाधिकारी ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी पात्र परिवार को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में शादी अनुदान योजना के अंतर्गत समस्त वर्गों के लिए 1617 लाभार्थियों का भौतिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि वित्तीय लक्ष्य 323.40 लाख रुपये है। वर्तमान में समस्त वर्गों हेतु 429 लाभार्थियों के लिए 85.80 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि योजना का लाभ केवल पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों तक ही पहुंचे। उन्होंने कहा कि आवेदक की वार्षिक आय शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये तथा ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवेदकों के लिए तहसील से ऑनलाइन निर्गत जाति प्रमाण पत्र का क्रमांक अंकित करना अनिवार्य होगा।उन्होंने कहा कि विवाह की तिथि पर पुत्री की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होना आवश्यक है। साथ ही पति की मृत्यु के उपरांत निराश्रित महिलाओं एवं दिव्यांग आवेदकों को योजना में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। एक परिवार की अधिकतम दो पुत्रियों के विवाह हेतु ही अनुदान अनुमन्य होगा।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को योजना के प्रति जागरूक किया जाए तथा पात्र परिवारों को ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट पर लॉगिन कर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा, जिससे प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं सरल बनी रहे। बैठक में मा0 जलशक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चौहान, मा0 विधायक कालपी प्रतिनिधि आशुतोष चतुर्वेदी, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी निशांत पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# ओलावृष्टि का मुआवजा देने के बदले लेखपाल और पंचायत मित्र मांग रहे हैं पैसा

## किसानों ने जिलाधिकारी को सौंपा शिकायती पत्र

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**। माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम निचावड़ी निवासी ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन भेंट करते हुए क्षेत्रीय लेखपाल पर ओलावृष्टि नुकसान का मुआवजा देने के एवज में पंचायत मित्र के माध्यम से किसानों से पैसा वसूली करने का आरोप लगाते हुए लेखपाल व पंचायत मित्र के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के पड़ने वाले ग्राम निचावड़ी निवासी किसान रीमा देवी, सुखकरण, संगीता, सरोज देवी, विनीता देवी, विश्वनाथ सिंह, राजकुमार सिंह आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन भेंट करते हुए बताया कि ओलावृष्टि के चलते काफी फसल नष्ट हो गयी है जिसमें गेहूं की फसल का लगभग 60 प्रतिशत नुकसान हुआ था उक्त ओलावृष्टि का मुआवजा मौजा के लेखपाल शिवम पक्षपात कर रहा है तथा गांव के ही पंचायत मित्र विनोद कुमार जो कि गांव में किसानों से पैसे की वसूली कर रहा है आरोप लगाया कि पंचायत मित्र के कहने पर लेखपाल चुनिंदा लोगों के खाते में पैसा डलवा रहा है। किसानों का कहना है कि जब लेखपाल से बात की जाती है तो लेखपाल कहने लगता है कि पंचायत मित्र विनोद कुमार से मिलो तभी पैसा खाते में पहुंच पायेगा जबकि पंचायत मित्र विनोद कुमार का कहना रहता है कि यहां पर इंट्री नहीं कराओगे तो पैसा नहीं मिलेगा। किसानों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि ग्राम पंचायत कुटरा-निचावड़ी में कार्यरत पंचायत मित्र विनोद कुमार एवं मौजा के लेखपाल शिवम की जांच कराकर पात्र व्यक्तियों को ओलावृष्टि नुकसान की धनराशि दिलवाई जाये साथ ही उक्त दोनों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाये।

# कदौरा कस्बे में खुला डाक घर विभाग की बदहाली की खोल रहा पोल

## डाकघर में महीनों लटके रहते ताले, जनता परेशान

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**। कदौरा में डाक विभाग की बदहाली ने सरकारी दावों की पोल खोलकर रख दी है। रुपये खर्च कर गांवों में बनाए गए डाकघर कहीं महीनों से ताले लटक रहे हैं तो कहीं कर्मचारी ही नदारद हैं। गांवों तक सुविधा पहुंचाने के बड़े-बड़े वादे सिर्फ फाइलों और भाषणों तक सीमित दिखाई दे रहे हैं। कुछ ग्रामीणों क कहना है कि उनके मनमर्जी का काम है 15 -15 दिनों तक गायब रहते है

ग्रामीणों को पासबुक अपडेट कराने, पैसा निकालने, स्पीड पोस्ट भेजने और जरूरी दस्तावेज जमा करने के लिए कई किलोमीटर दूर भटकना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा मार बुजुर्गों, किसानों और गरीब परिवारों पर पड़ रही है। हालत यह है कि जिन डाकघरों से गांवों की जिंदगी आसान होनी थी, वही अब लोगों के लिए परेशानी का सबसे बड़ा कारण बन गए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब डाकघर चलाने के लिए कर्मचारी, संसाधन और व्यवस्था ही नहीं थी तो आखिर रुपये खर्च कर भवन क्यों खड़े किए गए ? क्या सरकारी योजनाएं सिर्फ फोटो खिंचवाने और कागजों में आंकड़े चमकाने के लिए चलाई जा रही हैं? जिम्मेदार अधिकारी आखिर कब तक आंखें मूंदकर बैठे रहेंगे ?ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों ने साफ चेतावनी दी है कि अगर जल्द गांवों में नियमित उपस्थिति हो अब देखने वाली बात यह होगी कि डाक विभाग जनता की परेशानी समझता है या फिर गांवों की डाक व्यवस्था ऐसे ही बदहाली और भ्रष्ट लापरवाही की भेंट चढ़ती रहेगी।

# मंडी गेट से बंबा तक नाला निर्माण में बड़ा खेल!

## बिना स्टीमेट चल रहा निर्माण कार्य, घटिया गुणवत्ता और भ्रष्टाचार के आरोप

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ / जालौन।** नगर पंचायत माधौगढ़ में मंडी गेट से बंबा तक चल रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर अब गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। वार्ड वासियों की लगातार शिकायतों के बाद जिला योजना समिति सदस्य अरविंद सिंह सेंगर मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जो बातें सामने आईं, उन्होंने पूरे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर बड़ा प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

निरीक्षण के दौरान देखा गया कि नाला निर्माण में तीन सूतीय सरिया लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरिया लगभग 4 इंच नीचे लगाया गया है, जिससे निर्माण की मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं। मौके पर मौजूद मजदूरों और ठेकेदार से जब निर्माण कार्य की जानकारी ली गई तो मामला और गंभीर हो गया। जिला योजना समिति सदस्य अरविंद सिंह सेंगर द्वारा पूछताछ किए जाने पर ठेकेदार दिनेश कुटरा ने बताया कि निर्माण कार्य बिना स्टीमेट के कराया जा रहा है। इतना ही नहीं, यह भी कहा गया कि नगर पंचायत से स्टीमेट तक नहीं मांगा गया है। इस बयान के बाद नगर पंचायत प्रशासन और संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आखिर बिना स्टीमेट के कोई सरकारी निर्माण कार्य कैसे शुरू हो सकता है और आधे से अधिक निर्माण कार्य पूरा भी कैसे हो गया। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में ठेकेदार की मनमानी चल रही है और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। वार्ड वासियों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई बड़ी अनियमितताएं सामने आ सकती हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है। लोगों का कहना है कि जिस प्रकार से सरिया लगाया जा रहा है और जिस तरह कार्य कराया जा रहा है, उससे भविष्य में नाला क्षतिग्रस्त होने की संभावना बनी रहेगी। क्षेत्रवासियों ने पूरे मामले की तकनीकी जांच कराकर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस पूरे मामले के बाद नगर पंचायत के जेई अनिल कुमार की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बिना स्टीमेट के निर्माण कार्य कराया जा रहा था तो संबंधित विभागीय अधिकारी अब तक मौन क्यों रहे। जिला योजना समिति सदस्य अरविंद सिंह सेंगर ने कहा कि जनता के पैसे से होने वाले विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# सहेली संग पार्टी कर रही युवती के घर घुसे लोगो ने मारपीट कर अभद्रता की

( यंग भारत न्यूज )





**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ले में शादी के बाद मायके आई युवती की खुशी उस समय दहशत में बदल गई, जब घर में चल रही पार्टी के दौरान कुछ लोगों ने घुसकर जमकर हंगामा काटा। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट, अभद्रता और सोने का हार छीनने जैसी वारदात को अंजाम दिया। मामले में मंगलवार देर रात कोतवाली में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

पीड़िता द्वारा पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया कि उसकी पुत्री शादी के बाद पहली बार मायके आई थी। इसी खुशी में घर पर सहेलियों और रिश्तेदारों के साथ छोटी पार्टी आयोजित की गई थी। परिवार के लोग घर के अंदर बैठकर खाना खा रहे थे, तभी रात परिवार के ही आधा दर्जन से अधिक लोग मोटरसाइकिलों से वहां पहुंचे और जबरन घर में घुस आए।आरोप है कि घर में घुसते ही आरोपियों ने मां-बहन की भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर सभी आरोपी एकराय होकर मारपीट करने लगे। पीड़ित परिवार का कहना है कि लात-घूंसों और धक्का-मुक्की में कई लोगों को चोटें आईं। घटना के दौरान घर में अफरा-तफरी मच गई ।शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने युवती के साथ अभद्रता करते हुए उसका हाथ पकड़ लिया और बेइज्जती की।इसी दौरान उसके गले से सोने का हार भी छीन लिया गया, जो उसे ससुराल पक्ष की ओर से मिला था। जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।घटना के बाद से परिवार में भय का माहौल बना है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। क्या कहा कोतवाल ने कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी से फोन पर कहासुनी के बाद युवक ने लगाई फांसी, गांव में मचा हड़कंप

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़।** माधौगढ़ क्षेत्र के डिकौली गांव में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक और सनसनी का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक की अपनी पत्नी से फोन पर किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। बताया जा रहा है कि बातचीत के बाद युवक काफी परेशान और तनाव में दिखाई दे रहा था। कुछ देर बाद वह घर के अंदर अपने कमरे में चला गया। काफी समय तक बाहर नहीं निकलने पर परिजनों को शक हुआ। जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो अंदर का दृश्य देखकर सभी के होश उड़ गए। युवक का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। यह देखते ही परिवार के लोगों में चीख-पुकार मच गई। घटना की खबर फैलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंच गए और परिवार को ढांढस बंधाने लगे। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही माधौगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। पूरा मामला माधौगढ़ क्षेत्र के डिकौली गांव का बताया जा रहा है।

# नाला निर्माण में अनियमितताए बरते जाने की शिकायत पर एडीएम ने की मौके पर जाकर जांच

( यंग भारत न्यूज )



कोंच क्षेत्र के मुहल्ला भगतसिंह नगर में बन रहे नाले में अनियमितताएं बरते जाने की शिकायत पर बुधवार को एसडीएम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। खामियां मिलने पर उन्होंने दोबारा निर्माण के आदेश दिए। भगत सिंह नगर स्थित महेशपुरा रोड पर ईदगाह से कर्बला तक बनाए जा रहे नाले के निर्माण कार्य पर सवाल खड़े करते हुए सभासद प्रतिनिधि शकील अंसारी ने शिकायत की थी। इस पर उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने बुधवार को मौके पर जाकर निरीक्षण किया। बताया गया है कि करीब 32 लाख रुपये की लागत से नाले का निर्माण कराया जा रहा है। कुछ दिन पहले वार्ड सभासद कमरजहां के प्रतिनिधि शकील अंसारी ने एसडीएम से शिकायत कर आरोप लगाया था कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है और गुणवत्ता व मानकों की अनदेखी की जा रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को एसडीएम हेमंत पटेल,पीडब्ल्यूडी एई नंदकिशोर तथा नगर पालिका जेई अरुण कुमार के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नाले की स्थिति देखकर एसडीएम ने नाराजगी जताई और अधिकारियों को फटकार लगाई। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वर्तमान निर्माण को हटाकर मानक के अनुरूप दोबारा नाला बनाया जाए, ताकि लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके ।उन्होने कहा सरकारी धन का दुरुपयोग न हो।

# एसडीएम ने पकड़ा अवैध लकड़ी भरा ट्रक

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जालौन नगर व आसपास क्षेत्र में लगातार लकड़ी की अवैध कटान का काम चल रहा है। नवागंतुक एसडीएम ने डीसीएम में लोड हो रही लकड़ी को पकड़ा लकड़ी समेत डीसीएम को कोतवाली में खडा कराया गया है।

नगर व आसपास क्षेत्र में लगातार लकड़ी की अवैध कटान का काम चल रहा है। यह लकड़ी डीसीएम और टकों में लादकर हरियाणा समेत अन्य स्थानों पर भेजी जाती है। सोमवार की देर रात एसडीएम रिंकू सिंह राही को सूचना मिली कि नगर के चुंगी नंबर चार पर अवैध रूप से लकड़ी काटकर रखी गई है। जिसे डीसीएम में लादकर कहीं बाहर भेजा जा रहा है। सूचना मिलते ही एसडीएम पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां उन्हें औरैया चुर्खी बाईपास पर एक गेस्ट हाउस के आगे विभिन्न पेड़ों की कटी हुई लकड़ी को लादकर ले जा रही डीसीएम को रोक लिया। उन्होंने कन्नौज के छिबरामऊ निवासी चालक अवनीश को रोककर पूछतांछ की तो उसने बताया कि वह बिरिया व बबूल आदि की लकड़ी को लादकर हरियाणा के यमुना नगर ले जा रहा था। जब उससे लकड़ी को काटने संबंधी अनुमति मांगी गई तो वह नहीं दिखा सका। जिसके बाद एसडीएम ने कोतवाली पुलिस को बुलाकर लकड़ी समेत डीसीएम पुलिस के सुपुर्द कर दी। साथ ही वन विभाग को लकड़ी के मालिक व पेड़ों की कटान की अनुमति समेत आवश्यक कागजात की जांच के निर्देश दिए हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।जानकारी के अनुसार क्षेत्र के मुहल्ला आराजी लाइन दोहर चौराहा कैलिया रोड निवासी मुस्कान उम्र 30 वर्ष पत्नी इकलाख ने मंगलवार देर रात अपने घर में फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ।बताया गया रात में पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद के बाद मुस्कान ने यह कदम उठाया।

परिजनों ने बताया कि घटना से पहले मुस्कान की अपने पति और देवर से कहासुनी हुई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि परिवार के कुछ सदस्य थाने भी गए थे ।बीती रात करीब 11 बजे सभी लोग थाने से घर लौटे। इसके कुछ देर बाद ही मुस्कान ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।आत्महत्या की जानकारी परिजनों को सुबह जागने पर हुई। सूचना मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी ।बताया गया। मुस्कान अपने पीछे दो छोटे बच्चों बेटी इनायत 3 वर्ष, बेटा हैदर 9 माह को छोड़ गई है। मुस्कान की शादी इकलाख के साथ करीब चार वर्ष पहले 25 मई 2022 को हुई थी। घटना की जानकारी होते ही क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद,प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह, खेड़ा चौकी प्रभारी शिव नारायण वर्मा और फॉरेंसिक टीम ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल कर साक्ष्य संकलित किए।

# ग्राम जरा में हुआ कृषि जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

## विशेषज्ञो द्वारा मृदा स्वास्थ्य की दी गयी जानकारी

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम जरा में बुधवार सुबह किसानों के लिए कृषि गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान और कृषि विज्ञान केंद्र जालौन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान रामकिशोर पुरोहित ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, संतुलित उर्वरक उपयोग और आधुनिक खेती की तकनीकों के प्रति जागरूक करना रहा ।गोष्ठी में प्रधान वैज्ञानिक डॉ आर.बी. कुमार ने किसानों को भूमि परीक्षण कराने और वैज्ञानिक सलाह के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी ।उन्होंने कहा कि मिट्टी की गुणवत्ता को समझे बिना उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग खेती की लागत बढ़ाने के साथ उत्पादन क्षमता को भी प्रभावित करता है। उन्होंने पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए बहुवर्षीय शंकर नेपियर घास की खेती अपनाने पर भी जोर दिया। वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत घोष ने किसानों को ड्रैगन फ्रूट की खेती के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली फसल है और आने वाले समय में किसानों की आय बढ़ाने का अच्छा माध्यम बन सकती है। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ विक्टर जोशी ने किसानों से कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़कर नई तकनीकों, उन्नत बीजों और सुरक्षित कीटनाशकों की जानकारी लेने का आह्वान किया ।जिला किसान क्लब संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण चतुर्वेदी ने प्राकृतिक खेती, देशी गाय के महत्व और चंदन की खेती की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में रामकिशोर पुरोहित ने किसानों को अपने 10 एकड़ में विकसित बहुपयोगी बाग का भ्रमण कराया। इस बाग में महोगनी, चंदन, आम, नींबू, आंवला, अमरूद और अनार सहित हजारों पौधे लगाए गए हैं ।कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 60 प्रगतिशील किसान मौजूद रहे। इस दौरान भईया लाल जाटव, ललुआ गुवरेले, जितेन्द्र पुरोहित, रामकृपाल पुरोहित, रमेश पुरोहित, राजेश दीक्षित, टिंकू पाल और धूराम कुशवाहा सहित कई किसान उपस्थित रहे।

# महिला समेत दो वारंटियों को कैलिया पुलिस ने दबोचा

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** सर्किल के कैलिया थाना पुलिस ने महिला समेत दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अवनीश पटेल के नेतृत्व में दरोगा रूपेंद्र पाल सिंह ने पुलिस बल के साथ मिलकर जिसमें महिला सिपाही भी शामिल थी, थाना क्षेत्र के ग्राम कुदइया में दबिश देकर वारंटी जमुना प्रसाद पुत्र लच्छी एवं सरमन पत्नी माताप्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई के लिए दोनों को न्यायालय में पेश किया। गौरतलब है कि उक्त दोनों के विरुद्ध कुछ समय पहले लड़ाई झगड़े के आरोप में थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुकदमे में तारीखों पर न्यायालय में गैरहाजिर रहने के चलते न्यायालय द्वारा दोनों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया गया था।

# 11 हजार केवी की लाईन दुकानों के ऊपर लटकी, कभी भी हो सकता बड़ा है हादसा

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई ।** नगर के तकिया मोड़ छत्रसाल ग्राउंड के सामने औरैया रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स और फर्नीचर कारोबारियों की दुकान के ठीक बाहर से 11 हजार केवी की लाइन निकली है। यह लाइन काफी नीचे लटकी हुई है। जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। व्यापारियों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बिजली लाइन को तार दुरूस्त कराने और लाइन के नीचे सुरक्षा जाली लगवाने की मांग की है। व्यापारी शमीम, अनीस खां, समीम अहमद, बब्लू बाबूजी, हाजी अनीस खां, लोकेंद्र सिंह आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनकी दुकानों के ठीक बाहर से 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन निकली है। कई स्थानों पर तार काफी नीचे झूल रहे हैं और उनके नीचे सुरक्षा जाली भी नहीं लगी है। इतना ही नहीं, बिजली के खंभों की ऊंचाई भी कम होने के कारण तार दुकानों और रास्ते के काफी नजदीक आ गए हैं, जिससे खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स और फर्नीचर की दुकानें होने के कारण आग लगने का खतरा और अधिक बना रहता है। हल्की सी चिंगारी भी बड़े हादसे का रूप ले सकती है। इस संबंध में कई बार बिजली विभाग में शिकायत की जा चुकी है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कभी बिल बनाने तो कभी बजट की बात कही जाती है। लेकिन एक साल से समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। दुकानदारों ने एसडीएम से उनकी समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

# स्टेज पर झूम रहा था दूल्हा, दुल्हन ने वहीं रख दी वरमाला, बोली- वापस चले जाओ, शादी नहीं करूंगी तुमसे

( यंग भारत न्यूज )

**पटना।** बिहार के सहरसा जिले से एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने सामाजिक मर्यादा और नशे की लत पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. यहां एक युवती ने साहस का परिचय देते हुए न केवल नशे में धुत दूल्हे को मंडप से वापस लौटा दिया, बल्कि समाज के सामने एक मिसाल पेश की है.



यह मामला बिहरा थाना क्षेत्र की सत्तर पंचायत के वार्ड संख्या-2 का है. जहां खुशियों भरा माहौल उस वक्त हंगामे और तनाव में बदल गया, जब शादी की सबसे अहम रस्म के दौरान दूल्हे की असलियत सबके सामने आ गई. जानकारी के मुताबिक, सत्तर पंचायत निवासी एक युवती की शादी पूर्णिया के मूल निवासी और वर्तमान में सहरसा के शिवपुरी मोहल्ला निवासी रोहन कुमार से तय हुई थी. मंगलवार की रात बारात पूरे गाजे-बाजे के साथ लड़की के दरवाजे पर पहुंची थी. बाराती नाचते-गाते जश्न मना रहे थे, लेकिन किसी को भनक नहीं थी कि दूल्हा किस हालत में है. जैसे ही वरमाला की रस्म के लिए दूल्हे को स्टेज पर बुलाया गया, वहां मौजूद लोग उसकी हालत देखकर दंग रह गए. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दूल्हा रोहन कुमार पूरी तरह नशे में धुत था. स्टेज पर चढ़ते ही वह लड़खड़ाने लगा और वहां मौजूद मेहमानों के सामने अभद्र हरकतें करने लगा. बताया जा रहा है कि दूल्हे ने न केवल शराब का सेवन किया था, बल्कि वह नशे की गोलियों के प्रभाव में भी था. जैसे ही दुल्हन वरमाला लेकर स्टेज पर आई और उसने दूल्हे की यह हालत देखी, उसने एक पल की भी देरी नहीं की और शादी से साफ इनकार कर दिया. दुल्हन ने बिना वरमाला डाले ही स्टेज छोड़ दिया. बोली- वापस चले जाओ, शादी नहीं करूंगी तुमसे. फिर वो सीधे अंदर चली गई. उसने अपने परिजनों से स्पष्ट कह दिया कि वह किसी नशेड़ी के साथ अपनी पूरी जिंदगी बर्बाद नहीं करेगी. दुल्हन के इस कड़े फैसले का समर्थन करते हुए लड़की पक्ष के लोग भी भड़क गए. देखते ही देखते बाराती वहां से खिसकने लगे. स्थानीय ग्रामीणों और वधू पक्ष का गुस्सा तब और सातवें आसमान पर पहुंच गया, जब उन्हें पता चला कि दूल्हा नशे की गोलियों का आदी है. शादी टूटने के बाद मामला लेनदेन पर अटक गया. लड़की के पिता का आरोप है कि उन्होंने इस शादी के लिए अपनी पांच कट्ठा कीमती जमीन बेच दी थी और दहेज के रूप में पांच लाख रुपये नकद दिए थे. आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने दूल्हे, उसके पिता और शादी कराने वाले अगुआ को बंधक बना लिया. उनकी मांग थी कि जब तक शादी की तैयारियों में खर्च हुए और दहेज के पांच लाख रुपये वापस नहीं मिल जाते, तब तक किसी को जाने नहीं दिया जाएगा. गांव में तनाव बढ़ता देख सूचना बिहरा थाना पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने उग्र ग्रामीणों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन लोग पैसे की वापसी पर अड़े रहे. स्थिति बिगड़ती देख अतिरिक्त पुलिस बल मंगाया गया. घंटों चली पंचायत और पुलिस की मौजूदगी में हुई बातचीत के बाद दूल्हा पक्ष ने दहेज की राशि लौटाने का लिखित आश्वासन दिया. इसके बाद ही दूल्हे और उसके पिता को मुक्त किया गया. दूल्हे को बिना दुल्हन के ही बैरंग वापस लौटना पड़ा.

# इंसानियत शर्मसार! गिड़गिड़ाता रहा युवक, लेकिन नहीं माने दरिंदे.आंखों के सामने किया मंगेतर का रेप

( यंग भारत न्यूज )

**फतेहपुर।** प्रदेश के फतेहपुर से चौंका देने वाली घटना सामने आई है. एक युवक की मंगेतर का उसकी आंखों के सामने ही रेप कर दिया गया और वह बेबस खड़ा रहा. इस मामले ने एक बार फिर इंसानियत शर्मसार कर दिया गया है.



अभी कुछ दिन पहले ही दोनों ने मंदिर में शादी की थी और धूमधाम से शादी करने वाले थे. उसके पहले इस वारदात ने आसपास के लोगों को चौंका दिया है. यूपी के फतेहपुर में इंसानियत को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है. युवक ने आरोप लगाया कि उसकी मंगेतर के साथ एक भाजपा नेता और उसके दो साथियों ने उसके सामने ही दरिंदगी की. इसके बावजूद युवक ने अपनी मंगेतर का साथ नहीं छोड़ा. उसने कहा, 'मेरे सामने मेरी मंगेतर के साथ इतनी बड़ी घटना हुई, ऐसे वक्त में मैं उसका साथ कैसे छोड़ देता ?' सोमवार को युवक ने पहले मंदिर में अपनी मंगेतर से शादी की. इसके बाद रात में वह बैंड-बाजे और बारात के साथ मैरिज हॉल पहुंचा, जहां दोनों की शादी की बाकी रस्में पूरी की जानी थी. उसी दौरान ये कांड हुआ है. हालांकि, अभी मामले की और जानकारी सामने नहीं आई है. बीते दिनों फतेहपुर के खागा कोतवाली क्षेत्र से भी बड़ा मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि पीड़िता मंगेतर के साथ बाइक से अपने बुआ के घर जा रही थी. उसी दौरान नौबस्ता चौराहे के पास नहर पुलिया पर तीन युवक पहुंचे और उन्हें रुकने के लिए कहा. फिर तीन युवकों ने दोनों को बंधक बना लिया. पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद तीनों आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया. साथ ही अश्लील वीडियो भी बनाया.

# हफ्ते में एक दिन 'नो व्हीकल डे', बदलेगा दफ्तरों का समय

## पीएम मोदी की अपील पर यूपी में बड़े फैसले

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंधन बचाने की अपील की. वहीं अब उत्तर प्रदेश सरकार ने इस अपील को ध्यान में रखते हुए कई बड़े फैसले लिए हैं. सीएम योगी ने अधिकारियों और मंत्रियों के साथ बैठक की. वहीं प्रदेश वासियों से प्रधानमंत्री के आह्वान से जुड़ने की अपील की. उन्होंने उत्तर प्रदेश में हफ्ते के किसी एक दिन नो व्हीकल डे के रूप में मनाने की अपील की. कहा कि इस दिन को मंत्री, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें. सीएम योगी ने इस अभियान से सरकारी कर्मचारियों, स्कूलों-कॉलेजों के विद्यार्थियों समेत समाज के विभिन्न वर्गों को भी जोड़ने को कहा. इसी प्रकार औद्योगिक विकास विभाग व आईआईडीसी द्वारा औद्योगिक संस्थानों, बड़े स्टार्टअप्स आदि में वर्क फ्रॉम होम के लिए प्रेरित करने को कहा. कहा कि इन सभी संस्थानों में हफ्ते में कम से दो दिन वर्क फ्रॉम होम के लिए कहा जाए. इसी क्रम में उन्होंने शिक्षा विभाग के सेमिनारों, बैठकों, वर्कशॉप समेत सरकारी बैठकों का आयोजन हर संभव वर्चुअली करने को कहा. वहीं राज्य सचिवालय या निदेशालय की 50 प्रतिशत आंतरिक बैठकें भी ऑनलाइन करने को कहा. प्रदेश भर में स्कूल-कॉलेजों छात्रों या स्टॉफ को स्कूली बस में चलने के लिए प्रोत्साहित किया. इसी क्रम में सीएम ने आवश्यकता के मुताबिक परिवहन निगम की बसों को स्कूलों से जोड़ने को कहा. यही नहीं, सीएम योगी ने पीक ऑवर में ईंधन का उपयोग कम करने पर जोर दिया. कहा कि इसके लिए दफ्तरों के समय को शिफ्ट में बांटना होगा और हर शिफ्ट के लिए अलग अलग समय निर्धारित करना होगा. सीएम योगी ने प्रदेश वासियों से सार्वजनिक परिवहन, साइक्लिंग, कार पूलिंग, ईवी के प्रयोग पर जोर दिया. सीएम योगी ने कहा कि जिन शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है, वहां लोग इसका अधिकतम प्रयोग करें. वहीं जिन रूटों पर ज्यादा डिमांड है, वहां बस समेत पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवाओं को बढ़ाया जाएगा. सीएम योगी ने प्रदेशवासियों से बिजली बचाने की भी अपील की. कहा कि सरकारी भवनों, घरों, निजी प्रतिष्ठानों आदि में अनावश्यक बिजली का प्रयोग न हो. निजी प्रतिष्ठानों/व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स आदि में रात 10 बजे के बाद सजावटी लाइटों का न्यूनतम प्रयोग करें.



# योगी आदित्यनाथ का बड़ा निर्णय: मंत्रियों के काफिले में 50% वाहनों की कटौती

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासनिक सुधार और संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। लखनऊ में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में, उन्होंने अपने बेड़े से 50 प्रतिशत गाड़ियों की कटौती करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, सभी मंत्रियों के काफिले से अनावश्यक वाहनों को तुरंत हटाने का आदेश भी दिया गया है.

मुख्यमंत्री ने इस निर्णय के पीछे ईंधन की बचत और सरकारी संसाधनों के प्रभावी उपयोग को मुख्य कारण बताया। उन्होंने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेशों को लागू करने का यह सही समय है। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों और आम जनता से भी सादगी अपनाने का आग्रह किया है. योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे सप्ताह में कम से कम एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाएं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को भी प्रेरित किया कि वे सार्वजनिक परिवहन जैसे मेट्रो और बसों का अधिक उपयोग करें और कार-पूलिंग या साइकिलिंग को बढ़ावा दें. मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली में बदलाव के लिए निम्नलिखित निर्देश दिए हैं: सरकारी सेमिनार और कार्यशालाएं अब अधिकतर वर्चुअल माध्यम से आयोजित की जाएंगी। वर्क फ्रॉम होम: सरकारी और निजी संस्थानों में घर से काम करने की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा। आत्मनिर्भरता: प्राकृतिक खेती, कम तेल वाले भोजन और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर जोर दिया जाएगा ताकि प्रदेश आत्मनिर्भर बन सके। मुख्यमंत्री ने जनता से अनावश्यक सोने की खरीद से बचने और बिजली की बचत करने का भी आग्रह किया है, ताकि राज्य और देश आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें.

GYANHI GYAN.com

# एक ही डेडबॉडी पर भिड़े हिन्दू-मुस्लिम परिवार, आखिर कौन है इसका असली वारिस?

( यंग भारत न्यूज )

**हाथरस।** प्रदेश के हाथरस जिले में एक युवक की रहस्यमयी मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है. सासनी क्षेत्र में इगलास रोड स्थित जय दुर्गा धाम कॉलोनी के पास रविवार दोपहर करीब 11 बजे एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया.



शव को सबसे पहले कुछ ग्रामीणों ने देखा, जिसके बाद इलाके में अफरातफरी मच गई. ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस, डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई. जांच टीम ने घटनास्थल से कई अहम नमूने जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.इस मामले की शुरुआती जांच में पता चला कि मृत युवक 2 मई से अपने घर से लापता था. परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो 4 मई को कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी. इसी बीच मामले में उस वक्त नया मोड़ आ गया, जब लहौर्रा गांव के एक दर्जन से ज्यादा ग्रामीण कोतवाली पहुंच गए और शव को अपने गांव के युवक का बताने लगे. अचानक कई लोगों के शव पर दावा करने से पुलिस भी उलझन में पड़ गई. हालांकि, मृतक के परिजनों ने कपड़ों, सैंडिल, हाथ में पहने कड़े और हाथ पर बने 'जाहरवीर बाबा' के टैटू के आधार पर शव की पहचान अपने बेटे के रूप में की है. पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की तह तक पहुंचने की कोशिश कर रही है. इलाके में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है. शनिवार दोपहर करीब 11 बजे इगलास रोड स्थित जय दुर्गा धाम कॉलोनी के पास उस समय सनसनी फैल गई, जब लोगों ने एक युवक का क्षत-विक्षत शव पड़ा देखा. आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान 25 वर्षीय हाशिम पुत्र साबिर, निवासी गढ़ौआ के रूप में की. शव की हालत बेहद खराब होने के कारण इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की और पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मामले को लेकर पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है. पहले जिस शव को अपने बेटे का समझकर पिता ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था, अब उसी मामले में चौंकाने वाला मोड़ सामने आया है. पुलिस जांच के दौरान पता चला कि इगलास रोड पर मिला शव किसी और का है. दरअसल, मृतक के पिता साबिर ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनका बेटा 2 मई को खेत से लकड़ी लेने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा. बाद में एक अज्ञात शव मिलने पर उन्होंने उसे अपने बेटे का शव मान लिया और गांव के ही पांच नामजद समेत सात अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया. लेकिन अब इस पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है. शव की पहचान क्षेत्र के गांव लहौर्रा निवासी 32 वर्षीय सुसा उर्फ सुभाष पुत्र नौरंगी लाल के रूप में हुई है. सुभाष के पिता नौरंगी लाल ने बताया कि उनका बेटा 5 मई से घर से लापता था. परिवार और ग्रामीण लगातार उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला. इसी दौरान इगलास रोड स्थित जय दुर्गा धाम कॉलोनी में शव मिलने की सूचना मिली. खबर मिलते ही नौरंगी लाल अपने परिवार और गांव के सैकड़ों ग्रामीणों के साथ कोतवाली पहुंचे. वहां शव को देखकर उन्होंने उसकी पहचान सुसा उर्फ सुभाष के रूप में की. अब पुलिस पूरे मामले की दोबारा जांच में जुट गई है. साथ ही यह सवाल भी खड़ा हो गया है कि आखिर साबिर का बेटा कहां है और इगलास रोड पर मिले सुभाष की मौत किन परिस्थितियों में हुई. उन्होंने मृतक की पहचान कपड़े, सैंडल, बाजू में कड़ा एवं बाजू पर बने टैटू जाहरवीर बाबा के उस की है. मृतक के भाई राजेश कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि एक गिलास रोड पर मिली बॉडी उसके भाई सुसा उर्फ सुभाष पुत्र नौरंगी लाल की ही है. पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई. एक ही बॉडी को दो परिजन अपना बताने पर पुलिस की चिंता और भी बढ़ गई है एक तरफ तो गढ़ौआ के साबिर मेरा तक की पहचान अपने बेटे 25 वर्षीय हाशिम के रूप में कर रहे हैं वही लहौर्रा के नौरंगी लाल 32 वर्षीय सुसा और सुभाष पुत्र नौरंगी लाल के रूप में भी बता रहे हैं. अब डीएनए के आधार पर मृतक की पहचान की जा सकती है. पुलिस मामले की उलझन में पड़ गई है. प्रभारी निरीक्षक विपिन चौधरी का कहना है कि शनिवार को मिली बॉडी को गढ़ौआ के साबिर ने मृतक की पहचान हाशिम के रूप में की थी लेकिन लहौर्रा के नौरंगी लाल ने मृतक की पहचान 32 वर्षीय सुसा और सुभाष के रूप में कर थाने में तहरीर दी है मामले की जांच की जा रही है.

# जिसकी दुल्हन वही बियाहे: शादी से पहले खुली दूल्हे की पोल, छोटे भाई ने होने वाली भाभी संग लिए फेरे

( यंग भारत न्यूज )

बेतिया में एक युवती की शादी उसके होने वाले पति के छोटे भाई के साथ कराई गयी। ठकराहा थाना क्षेत्र के नवका टोला बेलवारीपट्टी गांव का मामला है। शादी समारोह उस समय सनसनी और हाई-वोल्टेज ड्रामे में बदल गया, जब हल्दी की रस्म के दौरान दूल्हे की कथित पहली शादी और तीन बच्चों का राज खुल गया।



दुल्हन की मां के मोबाइल पर आई कुछ तस्वीरों से देखते ही देखते खुशियों का माहौल तनाव और हंगामे में तब्दील हो गया। जानकारी के मुताबिक बेलवारीपटी गांव निवासी ललन चौधरी ने अपने बड़े बेटे की शादी गोपालगंज जिले की एक युवती से तय की थी। मंगलवार को बारात जानी थी और सोमवार को घर में हल्दी की रस्म चल रही थी। इसी बीच लड़की पक्ष की मां के व्हाट्सएप पर एक अज्ञात महिला ने दूल्हे के साथ अपनी तस्वीरें और शादी से जुड़े कथित सबूत भेज दिए। महिला ने दावा किया कि वह युवक की पत्नी है और उसके तीन बच्चे भी हैं। इस खुलासे के बाद लड़की पक्ष के दर्जनों लोग तुरंत बेलवारीपट्टी गांव पहुंच गए। वहां दोनों पक्षों के बीच जमकर हंगामा हुआ। माहौल इतना तनावपूर्ण हो गया कि शादी टूटने की नौबत आ गई। परिजनों के मुताबिक, लड़के के परिवार को भी इस संबंध की जानकारी दो दिन पहले ही मिली थी। वहीं खुद को पत्नी बताने वाली महिला ने बताया कि करीब नौ वर्ष पहले उतराखंड में एक प्लाई कंपनी में काम करने के दौरान उसकी युवक से मुलाकात हुई थी। दोनों लंबे समय तक पति-पत्नी की तरह साथ रहे। महिला ने इंसाफ और उचित कार्रवाई की मांग को लेकर ठकराहा थाने में आवेदन भी दिया है। हालांकि इस सम्बंध में थानाध्यक्ष से सम्पर्क करने की कोशिश की गई पर सम्पर्क नही हो सका। घंटों तक चले विवाद, पंचायत और मान-मनौव्वल के बाद एक अनोखा समझौता सामने आया। बड़े भाई की जगह उसके छोटे भाई से शादी कराने का प्रस्ताव रखा गया। शुरुआत में लड़की पक्ष ने इसका विरोध किया, लेकिन सामाजिक दबाव और बेटी के भविष्य को देखते हुए आखिरकार सहमति बन गई। इसके बाद मंगलवार को छोटे भाई को दूल्हा बनाकर बारात रवाना की गई। गांव में यह शादी पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। एक तरफ बड़े भाई के कथित धोखे से रिश्ता टूटने की कगार पर पहुंच गया था, वहीं छोटे भाई ने सेहरा बांधकर दोनों परिवारों की इज्जत बचाने का काम किया। फिलहाल ठकराहा थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है

# 8वीं पास युवक ने 10 लेडी कांस्टेबल से बनाए संबंध, खास ट्रिक से जीतता था दिल, उड़ गई अफसरों की नींद

( यंग भारत न्यूज )

**बरेली।** प्रदेश के जनपद बरेली में हैरान करने वाला मामला सामने आया है. लखीमपुर के 8वीं पास युवक राजन वर्मा ने 10 लेडी कांस्टेबल से शारीरिक संबंध बनाए. वह दिनभर यूपी पुलिस की ऑफिशियल वेबसाइट पर नजरें गड़ाए रखता था. राजन ने करोड़ों रुपये कमाए और लग्जरी लाइफ जीता था. खुलासे से पुलिस अफसरों की नींद उड़ गई. आइये जानते हैं पूरा मामला.....बरेली. बरेली पुलिस ने एक ऐसे शातिर व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो पुलिस की वर्दी पहनकर अब तक एक दर्जन के करीब महिला सिपाहियों को शादी का झांसा देकर शिकार बना चुका है. इतना ही नहीं इन सभी महिला सिपाहियों से दो करोड़ से अधिक तक की ठगी कर चुका है. एक महिला सिपाही से शादी भी कर चुका है. बरेली की कोतवाली पुलिस ने आरोपी को सैटेलाइट बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है. एसपी सिटी राहुल भाटी ने इसकी पुष्टि की. आरोपी सिर्फ 8वीं पास था.



भाटी ने बताया कि आरोपी पुलिस की ऑफिशल वेबसाइट से महिला पुलिसकर्मियों का डाटा निकालता था. उसे पता चल जाता था कि महिला पुलिसकर्मी की पोस्टिंग कहां है. अपने आप को वह पुलिसकर्मी बताता था और अपनी पुलिस की वर्दी पहने हुए फोटो भेजकर उनको शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसाता था. आरोपी ने अपने बयान में अब तक 8- 10 घटनाओं को कबूला है. राजन वर्मा के खिलाफ अब तक पांच केस सामने आ चुके हैं. मुख्य रूप से वह महिला पुलिसकर्मियों को ही टारगेट करता था. शादी का झांसा देकर उनके साथ फ्रॉड करने का काम करता था. जो मुकदमा थाना कोतवाली जनपद बरेली में दर्ज है, उसमें भी महिला पुलिसकर्मी से 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी की. अपने जानने वाले लखनऊ के व्यक्ति से बातचीत करके महिला पुलिसकर्मियों के आधार कार्ड और पेन कार्ड लेकर बैंक से लोन भी कराता था. आरोपी राजन वर्मा लखमीपुर खीरी का रहने वाला है. महिला पुलिसकर्मियों को अपने जाल में फंसाकर उनसे संबंध बनाकर उगाही करता था. पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपी से लखीमपुर के रहने वाले एक एसओजी के सिपाही ने नौकरी लगवाने के नाम पर रुपये ले लिए थे. यहीं से पुलिस के साथ उठना-बैठना शुरू हो गया. नौकरी न लगने के कारण वह पुलिसकर्मियों के साथ रहने लगा और उनका रहन-सहन सीख गया. वर्दी कैसे पहनी जाती है, कैसे सेल्यूट किया जाता है,

कैसे शस्त्र पकड़े जाते हैं, इन सभी बातों को पुलिस के साथ रहते रहते पूरी जानकारी उसने जुटा ली. फिर एक महिला पुलिसकर्मियों को अपने प्रेमजाल में फंसाकर शादी कर ली. जब महिला पुलिसकर्मी को असलियत पता चली तो शादी टूट गई. इसी तरह उसने फिर अन्य महिला पुलिसकर्मियों को अपना शिकार बनना शुरू कर दिया. वहीं बरेली की रहने वाली एक पीड़ित महिला सिपाही ने कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई, तब पुलिस इस आरोपी की तलाश में जुट गई. महिला सिपाही ने बताया कि प्लॉट के लिए लोन के कागज लेने पर फर्जी तरीके से राजन बर्मा ने एक गाड़ी निकली. जब उसके अकाउंट से पैसा काटने लगा, तब फर्जी सिपाही की पोल खुली.

# तीर्थंकर की माता ने देखे सोलह स्वप्न

- भगवान के गर्भकल्याणक की हुई पूजा
- परमात्मा को अपना नेता मानोः पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर
- जो सत्यार्थ का बोध करा दे वही सच्चा नेताः आचार्य श्री विशुद्धसागर



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** महानगर के मेडिकल कॉलेज गेट नं 3 से आगे भगवान महावीर महातीर्थ में आयोजित श्रीमज्जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में भगवान के गर्भकल्याणक की पूजा हुई। अर्धरात्रि में तीर्थंकर की माता ने सोलह स्वप्न देखें।

इस अवसर राजकीय अतिथि' भारत देश के सर्वमान्य दिगम्बराचार्य, पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागरजी महामुनिराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि परमात्मा को नेता मानो, जो सत्यार्थ का बोध करा दे वही सच्चा नेता होता हैं। हमारे नेता तीर्थंकर भगवान हैं। धर्मसभा में आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य श्रीमती आयुषी - डॉ अर्पित जैन, महेंद्र जैन सनफ्रांन ने किया। शास्त्र भेंट सीए रूपाली जैन ने किया। इस अवसर पर पंचकल्याणक महोत्सव के गौरव अध्यक्ष एवं नगर विधायक रवि शर्मा जी ने आचार्य श्री की चरण वंदना करते हुए कहा कि यह भगवान महावीर महातीर्थ, झांसी के जन- जन के लिए कल्याणकारी होगा। इस अवसर पर प्रातःकाल की बेला में तीर्थंकर बालक के माता पिता श्रीमती प्रभा - पदमचंद जैन मिठया, सौधर्म इन्द्र अंजली - डॉ राजीव जैन, धनपति कुबेर इन्द्र शिल्पी - राजीव जैन वर्धमान, ध्वजारोहणकर्ता सरोज - शैलेन्द्र जैन, राजेन्द्र जैन, वर्षा - देवेन्द्र जैन, महायज्ञनायक रिद्धि - यश सिंघई , यज्ञनायक शर्मिला - पदमचंद जैन रानीपुर, विधिनायक प्रतिमा पुण्यार्जक इन्द्र मेघा - प्रदीप जैन महरौनी, ईशान इंद्र डॉ निकिता - डॉ संदीप जैन, राजा श्रेयांश जूली - जिनेन्द्र जैन, राजा सोम रुचि - डॉ निर्देश जैन, मंडप उद्घाटनकर्ता अलका - डॉ पी.के.जैन, महामंडलेश्वर रश्मि - गौतम जैन, संध्या - इंजी.अरुण जैन, हेमा - डॉ अमित जैन, रश्मि - अनुराग जैन के साथ सैकड़ों इन्द्र - इंद्राणी सहित अनेकों श्रावक श्राविकाओं ने भगवान के गर्भकल्याणक की पूजा करते हुए महाअर्घ्य समर्पित किए। इस अवसर पर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के पूर्व मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, मुख्य मार्गदर्शक अजित कुमार जैन, मुख्य संरक्षक ललित जैन, मुख्य सलाहकार डॉ जिनेन्द्र जैन, संरक्षक राजीव जैन सिर्स, सुभाष जैन सत्यराज, अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन प्रेस, कार्याध्यक्ष कैलाशचंद जैन वर्धमान, मुख्य संयोजक सिंघई संजय जैन, वरुण जैन, केतन जैन, मुख्य समन्वयक खुशाल जैन, स्वागताध्यक्ष रविन्द्र जैन रेल्वे, उपाध्यक्ष अतुल जैन सर, अंकित सर्राफ, अशोक जैन रतनसेल्स, वरिष्ठ महामंत्री दिनेश जैन डीके, डॉ राजीव जैन, महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ, मुख्य कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र जैन बक्सा, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र जैन एलआईसी, कमलेश जैन रोहित गारमेंट्स, ऑडिटर प्रभात जैन कुंजबिहारी, संयोजक प्रदीप जैन वर्धमान, इंजी. संजय जैन महोबा, सचिन सर्राफ, संयोजक आलोक जैन विश्वपरिवार, दीपांक सिंघई, अमन जैन विरागप्रिय, प्रचारमंत्री अतिशय जैन ने दीप प्रज्वलन किया। इस अवसर पर रमेशचंद जैन अछरौनी, राजेंद्र जैन प्रेस, रविन्द्र सिंघई, सुनील अछरौनी, रविन्द्र जैन चिरगांव, समन्वयक यूथप सर्राफ, सुनील जैनको, सरोज जैन, कल्पना जैन, सुधा सर्राफ, ममता जैन बबली चाची, रितु जैन, संगीता जैन, रजनी जैनको सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहें। प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी पीयूष भैया जी (सतना) के निर्देशन में समस्त मांगलिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। दोपहर की धर्मसभा में पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट का सौभाग्य डॉ सागर जैन को प्राप्त हुआ। सायंकालीन महाआरती शोभायात्रा निकाली गई जिसका सौभाग्य सुरेन्द्र सर्राफ, सुधा - जिनेन्द्र सर्राफ, रेखा - प्रदीप सर्राफ को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ एवं आभार वरिष्ठ महामंत्री दिनेश जैन डीके ने व्यक्त किया।

### 14 मई को भगवान के जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर निकलेगी विशाल शोभायात्रा

महोत्सव समिति के महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ ने बताया कि 14 मई को तीर्थंकर भगवान का जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। प्रातः 06 बजे नित्य नियम अभिषेक शांतिधारा एवं पूजन होगी। 07 बजे तीर्थंकर भगवान का जन्म होगा तत्पश्चात 08 बजे मेडिकल क्षेत्र में विशाल शोभायात्रा निकाली जायेंगी। तत्पश्चात सुमेरु पर्वत की भव्य पाण्डुक शिला पर तीर्थंकर बालक का 1008 इंद्रों द्वारा जन्माभिषेक किया जाएगा। दोपहर 3 बजे सहस्त्रनाम हवन, सायं 4 बजे आचार्य श्री के प्रवचन, सायं 07 बजे महाआरती तत्पश्चात तांडव नृत्य, पालना एवं बाल क्रीड़ा के मांगलिक दृश्यों का मंचन होगा।

# मातृ दिवस एवं विश्व परिवार दिवस को समर्पित

## मासिक साहित्यिक सरस काव्य संगोष्ठी



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** । शास्त्री विश्व भारती संस्कृति शोध संस्थान, शास्त्री भवन, सीपरी बाज़ार झाँसी के तत्वावधान में 'मासिक सरस काव्य संगोष्ठी सम्पन्न हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. प्रमोद कुमार अग्रवाल (सेवा निवृत्त आई.ए.एस. साहित्य विभूषण) द्वारा की गई। गोष्ठी की मुख्यअतिथि डॉ. सुश्री नील मधु श्रीवास्तव रहीं । विशिष्ट अतिथि डॉ . सुखराम चतुर्वेदी फौजी श्री हरशरण शुक्ल श्री ए.के. हिंग्वासिया, डॉ. ब्रजलता मिश्रा श्री ग ?याप्रसाद वर्मा [मधुरेश]श्री हरि नारायण त्रिवेदी, डॉ. के. के. साहू रहे। गोष्ठी का शुभारम्भ श्री कैलाश नारायण मालवीय द्वारा प्रस्तुत वाणी-वन्दना से हुआ। तत्पश्चात अन्तर्राष्ट्रीय मातृ दिवस एवं 15 मई आगामी विश्व परिवार दिवस को समर्पित 'माँ और परिवार को केन्त्रित मौलिक सरस काव्य रचना ?एँ प्रस्तुत करते हुए सर्वश्री धर्मेन्द्र कुमार, सारांश ने पढ़ा - जब भी घर जाता हूँ कि उसका माथा चूम आता हूँ माँ की गोद में बैठकर पूरी दुनिया घूम आता हूँ।' क्रमशः रवि कुशवाहा ने प्रेरक पंक्तियाँ प्रस्तुत की अगर न होती मां दुनिया में, काला तिलक लगाता कौन 11 शूल समान कष्ट को चुनकर पग-पग फूल बिछाता कौन ?? काव्य-गोष्ठी को सफल- सार्थक बनाते हुए अन्य कवि एवं शायरों ने क्रमशः उस्मान अरक, रामलाखन सिंह परिहार, श्रीमती रमा शुक्ला, मंजु ओमर, सुधा सक्सेना, कु0 सिमरन ?यादव, यतीश अकिञ्चन, साकेत सुमन चतुर्वेदी, डॉ निहाल चन्द शिवहरे, खूबीराम प्रजापति, संजय तिवारी [राष्ट्रवादी] कामता प्रसाद प्रजा ?पति, महेन्द्र वर्मा [नाटककार], डॉ. नीति शास्त्री आदि ने प्रेरक रचनाओं का काव्य पाठ किया इस अवसर पर डॉ. सुदर्शन शिवहरे, अम्बिका श्रीवास्तव, डॉ. एस.बी. जब्बल, ठाकुरदास, दीपक यादव डॉ. ए.वी. मजूमदार, नरेन्द्र अग्रवाल, नीरज सिंह, शीलू गौतम, मंगलसेन, दीपक साहू आदि उपस्थित रहे। गोष्ठी का संयोजन डॉ0 सुश्री नीतिशास्त्री एवं सफल संचालन डॉ.सुखराम चतुर्वेदी 'फौजी ने किया। अंत में डॉ. सुश्री नीति शास्त्री (संयोजिका) ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया

# गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर जी का 70वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** आर्ट ऑफ लिविंग झाँसी चैप्टर के तत्वाधान में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी का 70वां अवतरण दिवस बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया! आर्ट ऑफ लिविंग की जोनल टीचर कोड़ीनेटर कंचन आहूजा जी ने बताया कि हर वर्ष 13 मई हम सब बहुत उत्सव के साथ मनाते हैं ,पर इस वर्ष हमारे गुरुदेव का 70 वां जन्मदिवस है साथ ही हमारी संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूर्ण हुए ये अवसर बंगलौर आश्रम में हमारे प्रधान मंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने ज्ञान मंदिर का उद्घाटन किया, साथ ही संस्था के द्वारा देशहित, समाज हित, हर व्यक्ति के हित में किए जारहे सेवा कार्यो की बहुत प्रशंसा की, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है. हम सभी अनुयाइयों ने भी मिल कर झाँसी में विभिन्न कार्यक्रम आज - 13 मई सुबह 6:15 बजे महासुदर्शन क्रिया कंचन जी के द्वारा होटल सरोवर पोर्टिको में करायी गई जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी ली एवं अपने गुरू के दीर्घ आयु की प्रर्थना की.

10:00 बजे छबील वितरण विधाता रेस्ट्रोंरेंट ईलाइट पर राहगिरो को ठंडा शर्बत पिला कर दुआएँ ली. साथ ही महासत्संग रामेश्वरम वेंकट हॉल इलाहाबाद बैंक चौराहा झाँसी पर किया गया जिसमें गुरुपूजा , ध्यान व राजीव शर्मा, रचना प्रकाश, सत्येंद्र झा ,अशोक हिरवकर द्वारा सुन्दर भजन-नंद घर आनंद भयों..... हरि सुन्दर नंद मुकुंद ....हम तो सीता राम कहेंगे.....गुरु गुरु जय जय.... भोले की जय जय......आदि भजनौ से पूरे वातावरण मे आनंद खुशिया मस्ती के माहौल में सभी झूमे नाचे गए फूलों की वर्षा हुई.... आनंद ही आनंद की सुंदर अनुभूति में हर्षोल्लास के साथ आज के दिन को विशेष बनाया! इस अवसर पर श्री मति डॉ अनुराधा शर्मा, सदर विधायक पत्नी सुनीता शर्मा जी, ब्रह्मचारी देवचेतन, आदित्य शर्मा, रुचि शर्मा, हमारे शिक्षकगण सत्येंद्र झा, धर्ममेष नामदेव, रचना जी, अशोक जी, कालिंदी जी, रुचि अरोरा, प्रावीना जी, एक्स अपेक्स संजय त्रिपाठी जी, नीलम खन्ना जी, राजीव शर्मा जी, चंद्र कुमार आहूजा, योगेन्द्र सिंह सेंगर, राजा, मास्टर रौनक यादव, ममता यादव, विजय जी, छाया साहू, संजय साहू, नंदिता जी, विद्रूम जी, वत्सला,रचना जैन, मीतू गांधी, उपासना बबर,अनु दलमोतरा, रेखा सिंह, प्रीति खन्ना, रुचि खन्ना, शिवानी खन्ना, प्रिंसि,गायत्री जी,रचना प्रकाश, पुष्पा हिरवारकर, पूजा, मधु कुशवाहा, प्रत्युश, अनिल शर्मा, सुमित, पुष्पा सोनी, राघव वर्मा, उषा सेन दीपक द्विवेदी, चंदा अरोरा आदि बड़ी संख्या में अनुयाई जन उपस्थित रहे.

# देवरियाः अनिरुद्धाचार्य के दरबार में फूट-फूट कर रोई छात्रा, विधायक शलभमणि का दखल और गिरफ्तार हुआ लव जिहादी

( यंग भारत न्यूज )



**देवरिया।** प्रदेश के देवरिया जिले में लव जिहाद का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, प्रसिद्ध कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के दरबार में एक 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा ने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि कैसे एक मुस्लिम युवक ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर उसका शारीरिक और आर्थिक शोषण किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्थानीय विधायक डॉ. शलभमणि त्रिपाठी ने मामले को गंभीरता से लिया और पुलिस प्रशासन को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। परिणामस्वरूप, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी आशिक अंसारी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

?छात्रा ने अनिरुद्धाचार्य के सामने स्वीकार किया कि वह बीते दो साल से 18 वर्षीय आशिक अंसारी के संपर्क में थी। छात्रा की मां ने दरबार में रोते हुए बताया कि आरोपी ने उनकी बेटी का हजारों बार शोषण किया है। छात्रा ने यह भी खुलासा किया कि आरोपी ने उससे मंदिर में शादी का नाटक किया और उससे 29 हजार रुपये भी ऐंठे। जब छात्रा ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट भी की। इस पूरी घटना को अनिरुद्धाचार्य ने 'मीठा बलात्कार' करार दिया और हिंदू लड़कियों को ऐसे जाल से बचने की चेतावनी दी। छात्रा और कथावाचक के बीच हुई बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही देवरिया के सदर विधायक डॉ. शलभमणि त्रिपाठी एक्शन मोड में आ गए। उन्होंने देवरिया एसपी को पत्र लिखकर आरोपी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की और फेसबुक पर पोस्ट कर लिखा कि 'हिंदू बहन-बेटियों पर बुरी नजर रखने वालों का ठीक से इलाज करेंगे'। विधायक की सक्रियता के बाद एसपी अभिजीत आर शंकर के नेतृत्व में बरियारपुर थाना पुलिस ने आरोपी आशिक अंसारी को धर दबोचा। 10 मई को छात्रा की मां की लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने बरहज के रहने वाले आरोपी आशिक अंसारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर स्थानीय अदालत में पेश किया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब इस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस नेटवर्क में और कौन लोग शामिल हैं। इस घटना के बाद अनिरुद्धाचार्य ने अभिभावकों और बच्चों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि 15-16 साल की बच्चियों को फंसाना एक सोची-समझी साजिश है, जिसे 'लव जिहाद' कहा जाता है। उन्होंने हिंदू बेटियों को 'सूर्य' की तरह तेजस्वी बनने की सलाह दी ताकि कोई उनकी गरिमा को ठेस न पहुँचा सके। साथ ही उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों में भी बच्चों की संगत पर नजर रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

# बाराबंकी की पूजा ने भतीजे से बनाए संबंध`

## फिर देवा मेला के बहाने पति को खामोशी से निपटाया पर 8 साल` के बेटे ने खोली पोल!

( यंग भारत न्यूज )



**बाराबंकी।** प्रदेश के बाराबंकी जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां एक पत्नी ने अपने प्रेमी को पाने की चाहत में खुद के ही पति की हत्या करवा दी. मृतक हनमंत लाल की पत्नी पूजा गौतम का परिवार के ही भतीजे के साथ अवैध संबंध था.

इसे लेकर अक्सर दोनों के बीच झगड़ा होता रहता था. ऐसे में पूजा ने पति हनुमंत लाल को रास्ते से हटाने की साजिश रची. इसके बाद पूजा ने लखनऊ में रहने वाले एक ई-रिक्शा चालक कमलेश से मुलाकात की और उसे अपने पति की हत्या के लिए एक लाख रुपये की सुपारी दी. ऐसे में पूजा प्लान के मुताबिक पति के साथ देवा मेला घूमने गई. लेकिन मेला घूमकर लौटते वक्त हनुमंत लाल की बॉडी देवा-लखनऊ रोड पर मिली. पति की मौत को पत्नी ने एक सड़क हादसा बताकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की.हालांकि पूजा के 8 के बच्चे ने उसके झूठ का पर्दाफाश कर दिया जिसके बाद पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की. पूछताछ में जो सच्चाई सामने आई उसने पुलिस को भी हैरान कर दिया. पुलिस के खुलासे के अनुसार, मृतक की पत्नी पूजा गौतम का अपने ही परिवार के भतीजे के साथ अवैध संबंध था. घर में रोज-रोज के झगड़ों से परेशान होकर पूजा ने पति से छुटकारा पाने का फैसला किया. उसने लखनऊ में रहने वाले एक ई-रिक्शा चालक कमलेश से मुलाकात की और अपने पति की हत्या के लिए उसे 1 लाख की सुपारी दी. फिर 13 अक्टूबर की शाम पूजा अपने बच्चे और पति के साथ देवा मेला घूमने गई.मेला घूमने के बाद पूजा ने जानबूझकर वही ई-रिक्शा बुक किया जिसे कमलेश चला रहा था. अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विकास चंद्र त्रिपाठी के अनुसार, मृतक की पत्नी ठंड का बहाना बनाकर मोटरसाइकिल से उतरकर ई-रिक्शा में बैठ गई. जब वे ताहीरपुर मोड़ के पास पहुंचे तो कमलेश और पत्नी ने मिलकर मोटरसाइकिल पर सवार हनुमंत लाल को रोका.कमलेश ने लोहे की रॉड से हनुमंतलाल के सिर पर वार कर दिया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई. हत्या को सड़क दुर्घटना का रूप देकर पत्नी ई-रिक्शा चालक के साथ वापस लखनऊ चली गई. हालांकि एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि पूरे मामले में बच्चे की ईमानदारी और पुलिस टीम की वजह से हत्या का खुलासा संभव हो सका.बच्चे ने पुलिस को पूजा और कमलेश के पूरे प्लान के बारे में बताया जिसके बाद पुलिस ने पूजा से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सारा सच बता दिया. पुलिस ने आरोपी पत्नी पूजा और कमलेश दोनों को गिरफ्तार कर लिया है. उनके पास से हत्या में इस्तेमाल की गई सरिया, मोबाइल फोन और ई-रिक्शा बरामद हुआ है. एएसपी विकास त्रिपाठी के मुताबिक, यह मामला पूरी तरह बेवफाई और लालच से जुड़ा था जिसे पुलिस ने सुलझा लिया है.

# कुपात्र पर दृष्टि ना डालें-पं अरविंद शास्त्री

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** ग्राम बरौटा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। भागवत कथा व्यास आचार्य अरविंद शास्त्री परसुवा वालों ने भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने पूतना को देखकर इसलिए अपनी आंखें बंद कर लीं थी,क्योंकि कुपात्र पर दृष्टि डालने से दृष्टि दूषित हो जाती है,और पूतना कुपात्र थी,वह भगवान की दृष्टि का पात्र नहीं थी,इसलिए भगवान ने उसे देखना उचित नहीं समझा।

गोवर्धन पूजा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान ने इंद्र का अहंकार तोड़ने को गोवर्धन की पूजा करवाई,और इन्द्र के कोप से ब्रजवासियों की रक्षा की।

भागवत कथा का मूल पाठ आचार्य राम सेवक शास्त्री ने किया। संगीतमय कथा में ऑर्गन एवं सह गायन पर प्रमोद गोस्वामी एवं बीरेन्द्र सिंह,नाल पर जीतू पैड पर बॉबी ने संगठनकी। भागवत कथा की आरती परीक्षित श्रीमती रामदेवी एवं नरेंद्र पटेल ने की। कथा में विजय नन्ना, किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कमलेश लंबरदार इमलोटा ,कुलदीप पटेल प्रधान सिंगार,पुष्पेंद्र पटेल, विमलेश पटेल ,अवधेश पटेल , रवि पटेल ,रामकिशुन पटेल ,हर प्रसाद ,देवेंद्र पटेल, नयन पटेल, घनेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# खैर इंटर कॉलेज के शिक्षकों ने सफलतापूर्वक पूर्ण की अपनी स्व-गणना

### स्व-गणना का उद्देश्य जनसांख्यिकीय और आवास संबंधी जानकारी को डिजिटल रूप से एकत्र करना-धनप्रकाश तिवारी

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय** ।2026 में भारत की जनगणना (Census 2027 के लिए जनगणना 2026 की पूर्व तैयारी) के तहत झांसी जिले के तहसील गरौठा में स्थित नगर के खैर इंटर कॉलेज गुरसरांय में विद्यालयों के शिक्षकों ने अपनी स्व-गणना (Self-Enumeration) की प्रक्रिया प्रधानाचार्य पंडित धनप्रकाश तिवारी के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली। आपको बता दें कि शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुसार सभी शिक्षकों और कार्मिकों के लिए अपना सेल्फ एन्यूमरेशन (Self Enumeration) पूर्ण करना अनिवार्य था परन्तु विद्यालय के सभी शिक्षकों ने निश्चित समय से पूर्व ही अपनी स्वजनगणना पूरी कर ली। शिक्षकों ने se.census.gov.in पर जाकर अपना और परिवार का विवरण ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से भरा। खैर इंटर कॉलेज गुरसरांय से स्वगणना में डिजिटल जनगणना प्रशिक्षण में लगे प्रवक्ता जेपी वर्मा,प्रवक्ता जितेन्द्र पटेल,गोपाल अग्निहोत्री,प्रदीप सोनी आदि ने समस्त शिक्षकों की स्वजनगणना करवाई। इस मौके पर प्रधानाचार्य खैर इंटर कॉलेज गुरसरांय पंडित धनप्रकाश तिवारी ने बताया कि जब प्रगणक (enumerator) घर आएंगे,तो शिक्षकों को केवल अपनी 'स्व-गणना आईडी' (SE ID) दिखानी होगी, दोबारा पूरी जानकारी नहीं देनी होगी। इस डिजिटल प्रक्रिया से जनगणना के आंकड़े अधिक सटीक और पारदर्शी बन रहे हैं। यह पहल डिजिटल जनगणना के तहत की गई है। जिसका उद्देश्य जनसांख्यिकीय और आवास संबंधी जानकारी को डिजिटल रूप से एकत्र करना है। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण सहित विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718